रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-186 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ के मामलों में वाईएसआरसीपी नेताओं को दी अग्रिम जमानत



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में मंगलागिरी में तेलुगु देशम पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में कथित रूप से तोड़फोड़ करने से संबंधित मामले में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की विजयवाड़ा पूर्व इकाई के समन्वयक देवीनेनी अविनाश समेत कई नेताओं को अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इसी मामले में उनकी याचिका खारिज कर दी थी। अविनाश पर अक्टूबर 2021 में वाईएसआरसीपी शासन के दौरान मंगलागिरी में सत्तारूढ़ तेदेपा के केंद्रीय कार्यालय एनटीआर भवन में कथित रूप से तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया था।

### साइबर हमलों जैसी गैर पारंपरिक चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार रहे तटरक्षक बल : राजनाथ



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तटरक्षक बल से साइबर हमलों, डेटा चोरी, सिग्नल और राडार जैमिंग जैसी गैर पारंपरिक चुनौतियों से निपटने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाने तथा इन स्थितियों से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा है। सिंह ने मंगलवार को यहां तटरक्षक बल के अलंकरण समारोह में वीरता, विशिष्ट सेवा और उल्लेखनीय सेवा के लिए 32 कर्मियों को पदकों से सम्मानित किया। इनमें राष्ट्रपति के छह तटरक्षक पदक, 11 तटरक्षक पदक (वीरता) और 15 तटरक्षक पदक शामिल हैं।

### सेंसेक्स चढ़ा, निफ्टी फिसला

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स में तेजी लौट आई वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक पर पहुंच गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई।

## अनिश्चितताओं के इस दौर में भी दुनिया को भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि पर भरोसा : पीएम मोदी

पायनियर संवाददाता ◄ गुवाहाटी/ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दुनिया भर में इस समय फैले अनिश्चितता के वातावरण के बावजूद भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि को लेकर जानकार आश्वस्त हैं। मोदी ने कहा कि यह भरोसा देश की सुधारवादी नीतियों, हुनरमंद एवं नवाचारी युवा वर्ग, उभरते नव-मध्यवर्ग और राजनीतिक स्थिरता तथा नीतिगत निरंतरता के प्रति देश की 140 करोड़ आबादी के समर्थन को देख कर बना है। मोदी असम सरकार द्वारा गुवाहाटी में आयोजित वैश्विक निवेश सम्मेलन-एडवांटेज असम का उद्घाटन कर रहे थे। सम्मेलन में दुनिया भर से निवेशक, नीति निर्माता और राजनयिक भाग ले रहे हैं। मोदी ने कहा, हम वैश्विक परिस्थितियों को बारीकी से देख रहे हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के वातावरण में एक बात निश्चित है कि जानकार भारत की तेज ग्रोथ (तीव्र आर्थिक वृद्ध) को लेकर भरोसा कर रहे हैं। इस भरोसे के ठोस कारण हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत अगले 25 साल में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के एक सपने को लेकर एक के बाद एक नये-नये फैसले कर रहा है। संपर्क सुविधाओं का विस्तार कर रहा है। दुनिया को भारत की युवा आबादी पर भरोसा है, जो तेजी से कौशल-सम्पन्न और नवाचारी हो रही है। भारत में एक नया मध्यम वर्ग उभर रहा है। देश की 140 करोड़ जनता है, जो राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में निरंतरता के साथ खड़ी है। देश में सुशासन के साथ-साथ सुधार जारी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज भारत अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत कर रहा है और दुनिया भर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौते कर रहा है। पूर्वी एशिया के साथ हमारे संबंध मजबूत हो रहे हैं और भारत-मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया)-यूरोप आर्थिक गलियारा नये अवसर पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिये मिशन मोड पर काम शुरू किया है। उन्होंने कहा, हम मेक इन इंडिया के तहत लो कॉस्ट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक विकास के साथ-साथ पारिस्थितिकीय संतुलन पर भी ध्यान दे रहा है। पीएम मोदी ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी पर्यावरणीय जिम्मेदारियों को निभाया भी नीतिगत निर्णय के लिए। दुनिया हमारे नवीकरणीय ऊर्जा मिशन को एक आदर्श परिपाटी के रूप में अपना रही है।

## कामकाजी महिलाओं को मिलेगा सुरक्षित आवास रायपुर और बिलासपुर में बनेंगे छह महिला छात्रावास

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



सीएम साय ने शहरों में कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित व सस्ते आवास के लिए राशि मुहैया कराने भारत सरकार को दिया धन्यवाद

छत्तीसगढ़ के दो सबसे बड़े शहरों रायपुर और बिलासपुर में कामकाजी महिलाओं की सुरक्षित एवं सस्ते आवास की बड़ी जरूरत जल्द पूरी होगी। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने राज्यों के लिए विशेष पूंजीगत सहायता योजना (Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment 2024-25) के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर और नया रायपुर में छह कामकाजी महिला छात्रावासों के लिए 202 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इस राशि से रायपुर नगर निगम द्वारा तेलीबांधा और टाटीबंध में 250-250 सीटर तथा भैंसथान में 223 सीटर महिला छात्रावास बनाए जाएंगे। वहीं बिलासपुर के तिफरा और सिरगिट्टी में सीएसआईडीसी द्वारा 224-224 सीटर छात्रावास का निर्माण किया जाएगा। नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण नया रायपुर में एक हजार सीटर छात्रावास बनाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शहरों में कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित एवं सस्ते आवास के लिए राशि मुहैया कराने भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सुशासन के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 'विकसित भारत-2047' के लक्ष्य को हासिल करने राज्य शासन ने वर्किंग वीमेन हॉस्टल बनाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया था। उन्होंने इसकी मंजूरी मिलने पर राज्य की महिलाओं की ओर से भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि छात्रावासों के निर्माण से तीनों शहरों में कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास मिलेगा।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ईडी की दबिश



फाइल फोटो

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ईडी की टीम ने दबिश दी है। जानकारी अनुसार महामंत्री मलकीत सिंह गैदू से पूछताछ की गई। पूछताछ किन विषयों को लेकर की जा रही है, फिलहाल इसका खुलासा नहीं हो पाया है। लेकिन प्रदेश कांग्रेस में दबिश के बाद एक बार फिर कांग्रेसी नेताओं के बीच हड़कंप मचा हुआ है। ईडी के अफसर सुरक्षा बलों के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दबिश दी। दरअसल यह मामला शराब घोटाले से जोड़ा जा रहा है। लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

### डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है: डॉ. चरणदास महंत



कांग्रेस भवन में छापे के बीच नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि पिछले एक साल से छापा चल रहा है। विरोधियों को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। महंत ने कहा कि विपक्षी नेताओं को लगातार परेशान किया जा रहा है।

## राज्य में आचार संहिता हुई समाप्त

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




राज्य में आचार संहिता को प्रभावशून्य कर दिया गया है। दरअसल राज्य निर्वाचन आयोग ने 20 जनवरी को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव का ऐलान किया था। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील थी। ट्रांसफर, पोस्टिंग पर बैन के साथ ही बिना कलेक्टर की अनुमति कर्मचारियों, अधिकारियों को छुट्टी नहीं मिल रही थी। 15 फरवरी को नगरीय निकाय चुनाव की मतगणना के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने आचार संहिता को शहरी क्षेत्र में शून्य कर दिया था। वहीं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के कारण शहरी क्षेत्र के अलावा अन्य जगह आचार संहिता प्रभावशील थी। जिसे मंगलवार को हटा दिया गया है।

## महाकुंभ के अंतिम दिन 17-18 लाख यात्रियों के आवागमन का इंतज़ाम किया रेलवे ने

**नयी दिल्ली।** महाकुंभ के कल शिवरात्रि पर आखिरी अमृत स्नान के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कमर कस ली है और उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश एवं बिहार के कुछ स्टेशनों से प्रयागराज क्षेत्र के स्टेशनों के लिए 350 से अधिक विशेष सेवाएं चलाने के लिए 250 से अधिक रैक तैयार कर लिये हैं और 1200 से अधिक रेलवे के रनिंग स्टाफकी तैनाती की है। इस महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान के पावन अवसर पर गंगा यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में डुबकी लगाने के लिए उत्तर प्रदेश,बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के प्रयागराज आने का अनुमान हैं ।

## त्रिपुरा में आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों ने एनएच को किया जाम

वार्ता ◄ अगरतला
www.dailypioneer.com



त्रिपुरा में आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के एक समूह ने 21 सूत्री मांगों को लेकर बारामुरा की तलहटी में 24 घंटे का राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करके विरोध प्रदर्शन किया। आत्मसमर्पण करने वाले उग्रवादियों के समूह ने एनएच 108 पर बारामुरा के अलावा बिश्रामगंज, अमरपुर, हेजामारा और खोवाई चौमुहानी सहित कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों के नेता डैनियल देबबर्मा ने कहा कि शुरुआती चरण में नाकाबंदी जारी रहेगी और अगर मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे आने वाले दिनों में तीव्र विरोध प्रदर्शन करेंगे। गौरतलब है कि 1988 से कई प्रतिबंधित संगठनों के सौकड़ों उग्रवादियों ने अलग-अलग मौकों पर आत्मसमर्पण किया।

## कथित सेक्स सीडी मामलाः पूर्व सीएम भूपेश बघेल, उनके सलाहकार रहे विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में हुए पेश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में चर्चित रहे कथित सेक्स सीडी मामले की सुनवाई रायपुर कोर्ट में हुई। मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोर्ट पहुंचे और हाजिरी देने के बाद वह विधानसभा के लिए निकल गए। वहीं कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार रहे विनोद वर्मा, कैलाश मुरारका समेत अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए। इस मामले की अगली सुनवाई अब 4 मार्च को की जाएगी। दरअसल कोर्ट ने सेक्स सीडी मामले में सभी आरोपियों को समन जारी किया था। बता दें कि इस मामले में एक आरोपी रिंकू खनूजा की मौत हो चुकी है। मामले में बचाव पक्ष के वकील फैजल रिजवी ने बताया कि कोर्ट में सीबीआई बनाम कैलाश मुरारका और अन्य के विरुद्ध जांच पर बहस थी, सीबीआई ने बहस पूरी कर ली है। अब 4 मार्च को अभियुक्त के वकील बहस करेंगे। रिजवी ने कहा कि सीबीआई ने कोर्ट में ये बताया है कि 2017 में बॉम्बे में एक मानस साहू नामक व्यक्ति ने सीडी को मॉर्फ किया है। उसको मॉर्फ करने में करीब 95 हजार रुपए का लेन-देन हुआ था, पैसा बैंक टू बैंक भेजा गया है। सीडी बनने के एक साल बाद दिल्ली में कॉपी हुई है। सीबीआई के मुताबिक उनके पास इलेक्ट्रॉनिक एविडेंस मौजूद हैं।

### क्या है सेक्स सीडी मामला

दरअसल सेक्स सीडी मामला छत्तीसगढ़ में इसलिए चर्चित हुआ क्योंकि इस सीडी में भाजपा के एक बड़े नेता और वर्तमान विधायक की कथित वीडियो प्रसारित की गई थी।

## सिक्ख विरोधी दंगा में सज्जन कुमार को उम्र कैद

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सिक्ख विरोधी दंगा में सज्जन कुमार को दूसरे मामले में उम्र कैद की सजा हुई है। बाप बेटे की हत्या का मामला था। पीड़ित पक्ष ने मौत की सजा मांगी थी। दिल्ली कैंट की पालम कॉलोनी में 5 सिखों की हत्या के बाद गुरुद्वारा जला दिया गया था। इस केस में सज्जन कुमार को दोषी पाया गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2018 को उम्रकैद की सजा सुनाई। सितंबर 2023 को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सुल्तानपुरी में 3 सिखों की हत्या मामले में बरी कर दिया। दंगे में ब्ठप की एक अहम गवाह चाम कौर ने आरोप लगाया था कि सज्जन भीड़ को भड़का रहे थे।1 नवंबर 1984 को सरस्वती विहार में सरदार जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या हुई थी। दंगाइयों ने लोहे की सरियों और लाठियों से हमला किया था। इसके बाद दोनों सिखों को जिंदा जला दिया। 12 फरवरी 2025 को दोषी ठहराए गए। 25 फरवरी को उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई गई। दिल्ली में 1984 के सिख विरोधी दंगा केस में मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को दिल्ली की कोर्ट ने सिख दंगा मामले में आरोपी सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दिल्ली के सरस्वती विहार में दो सिखों की हत्या हुई थी। राउज एवेन्यू कोर्ट ने ये फैसला दिया है। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने इस मामले में रेयरेस्ट का रेयर केस की कैटेगरी में माना था और फांसी की मांग की थी। यह मामला दंगों के दौरान दिल्ली के सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या से जुड़ा है। तब सज्जन बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से सांसद थे। पीड़ित पक्ष ने उन्हें मौत की सजा देने की मांग की थी। सज्जन कुमार को 12 फरवरी को दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने 21 फरवरी को सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वे इस समय वे दंगों से जुड़े एक अन्य मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं और उम्रकैद की सजा काट रहे हैं।

## मध्यप्रदेश निवेश के लिए प्रत्येक लिहाज से बेहतर : शाह

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश विदेश के निवेशकों से मध्यप्रदेश में निवेश करने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह राज्य निवेश के लिए आकर्षक केंद्र बना हुआ है और निवेश के लिए यहां पर अनुकूल वातावरण है। शाह ने दो दिवसीय ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) के समापन अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, राज्य के मुख्य सचिव अनुराग जैन, अनेक मंत्री और देश विदेश के उद्योग जगत के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसके पहले डॉ यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में दो दिन के आयोजन के दौरान निवेश संबंधी 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपयों के प्रस्ताव मिले हैं। डॉ. शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि दो दिनों के दौरान जो प्रस्ताव मिले हैं, उन्हें उम्मीद है कि ये शीघ्र ही धरातल पर आकार लेंगे। उन्होंने मध्यप्रदेश की खूबियां गिनाते हुए कहा कि यहां पर स्थिर सरकार और पारदर्शी प्रशासन होने के साथ ही अन्य सुविधाएं हैं।

## अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के कुछ वर्षों में 44 अरब डॉलर होने की उम्मीदः जितेन्द्र सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले कुछ वर्षों में 8 अरब डॉलर से बढ़कर 44 अरब डॉलर हो जाने की उम्मीद है, जिससे मूल्य संवर्धन होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, परमाणु ऊर्जा विभाग और अंतरिक्ष विभाग तथा कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक बिजनेस कॉन्क्लेव में यह बात कही। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र द्वारा हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला, तथा इस सफलता के पीछे अंतरिक्ष बजट में वृद्धि को एक प्रमुख कारक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष बजट लगभग तीन गुना बढ़ गया है। वर्ष 2013-14 में 5,615 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-2026 में 13,416 करोड़ रुपये हो गया है।

## महासमुंद के तीन खिलाड़ियों का पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

### पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 : सुखदेव ने 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ का किया नाम रोशन





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

दुबई में 6 से 14 फरवरी 2025 तक आयोजित पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ग्रांट फिक्स 2025 में महासमुंद जिले के फॉर्च्यून नेत्रहीन हायर सेकेंडरी स्कूल, करमापटपर बागबाहरा खुर्द के तीन खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। सुखदेव केवट ने अपनी शानदार खेल प्रतिभा का परिचय देते हुए 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का परचम लहराया। इससे पहले, 23वें नेशनल पैरा एथलेटिक्स 2025, चेन्नई (17-20 फरवरी) में उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल और 400 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतकर भी अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके है। इस प्रतियोगिता में महासमुंद के दो अन्य खिलाड़ियों ने भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराईनिखिल यादव ने 1500 मीटर दौड़ में 7वाँ स्थान और 500 मीटर दौड़ में 6वाँ स्थान प्राप्त किया जबकि लक्की यादव (टी-11 कैटेगरी, बालक वर्ग) ने 1500 मीटर दौड़ में 8वाँ स्थान और 400 मीटर दौड़ में 6वाँ स्थान हासिल किया। महासमुंद जिले के इन होनहार खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। उनकी सफलता से प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। सुखदेव केंवट और उनके साथियों की इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। महासमुंद जिले के इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपलब्धि पर जिला कलेक्टर विनय कुमार लंहगें, जिला सीईओ एस. आलोक और उप संचालक समाज कल्याण संगीता सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष निरंजन साहू, प्राचार्य रश्मि साहू और वार्डन लक्ष्मीप्रिया साहू भी उपस्थित थे।

## कैग की रिपोर्ट पर जवाब दें केजरीवाल, सिसोदिया, संजय : सचदेवा

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली शराब नीति को लेकर आम आदमी पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट से 'आप-दा' का भ्रष्टाचार लोगों को सामने आ गया है। सचदेवा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब इस घोटाले के सूत्रधार केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह को अब जवाब देना चाहिए। शराब नीति को लेकर विधानसभा में पेश की गयी कैग की रिपोर्ट के मुद्दे पर सचदेवा, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी और चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने पार्टी कार्यालय में संवाददाताओं को संबोधित किया। सचदेवा ने कहा, दिल्ली विधानसभा में प्रस्तुत कैग रिपोर्ट से स्पष्ट है कि भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल सरकार की शराब नीति के कारण 2,002.68 करोड़ रुपये का घोटाला हुआ था। आप की नीतियों से राजस्व का भारी नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि आप सरकार की शराब नीति के कारण शराब के लाइसेंस वापस किये जाने और शराब जोन की निविदा पुनः जारी करने के मामले में आबकारी विभाग की विफलता के कारण विभाग को 890.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## सीबीआई ने गेनबिटकॉइन घोटाले में 60 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) गेनबिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी घोटाले की जांच के सिलसिले में देश भर में 60 से अधिक स्थानों पर छापेमारी कर रही है। सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार यह तलाशी अभियान दिल्ली एनसीआर, पुणे, चंडीगढ़, नांदेड़, कोल्हापुर, बेंगलुरु और अन्य प्रमुख शहरों में चलाया जा रहा है। यह अभियान मामले के मुख्य आरोपियों, उनके सहयोगियों और अपराध की आय को लूटने वाली संदिग्ध संस्थाओं से जुड़े परिसरों में चलाया जा रहा है। गेनबिटकॉइन एक कथित पोंजी स्कीम थी जिसे 2015 में अमित भारद्वाज (मृतक), अजय भारद्वाज और उनके एजेंटों के नेटवर्क द्वारा शुरू किया गया था। यह योजना वैरिएबलटेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के नाम के नीचे कई वेबसाइटों के माध्यम से संचालित होती थी। धोखाधड़ी वाली इस योजना ने निवेशकों को 18 महीनों तक बिटकॉइन में 10 प्रतिशत मासिक आकर्षक रिटर्न का वादा करके लुभाया। निवेशकों को एक्सचेंजों से बिटकॉइन खरीदने और 'क्लाउड माइनिंग' अनुबंधों के माध्यम से गेनबिटकॉइन के साथ निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मॉडल ने मल्टी-लेवल मार्केटिंग संरचना का पालन किया, जो आमतौर पर पिरामिड संरचित पोंजी योजनाओं से जुड़ा होता है, जहाँ भुगतान नए निवेशकों को लाने पर निर्भर करता था। शुरू में, निवेशकों को बिटकॉइन में भुगतान मिलता था। हालाँकि 2017 तक नए निवेशों की आमद कम होने के कारण, यह योजना ढहने लगी। घाटे को कवर करने के प्रयास में, गेनबिटकॉइन ने एकतरफा भुगतान को एमसीएपी नामक अपनी कथित इन-हाउस क्रिटोकरेंसी में बदल दिया, जिसका मूल्य बिटकॉइन से काफी कम था, जिससे निवेशक और भी गुमराह हो गए। इस मामले में देश भर में कई प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया।


महा शिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
पर्व के पावन अवसर पर
26 फरवरी 2025 को
त्रिवेणी संगम
राजिम में पुण्य स्नान
संवाद- 42976/74
महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना करता हूं, कुलेश्वर महादेव की कृपा सभी पर बनी रहे।
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# साहित्यकार न होते तो हमारी संस्कृति एवं शास्त्रों के बारे में कैसे जान पाते : विश्वानंदतीर्थ महाराज

## स्वामी सच्चिदानंद चक्र महामेरू पीठम दंडी स्वामी पंडाल में साहित्यिक संगोष्ठी संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ राजिम
www.dailypioneer.com

राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम परिसर में स्वामी सच्चिदानंद चक्र महामेरू पीठम दंडी स्वामी के पंडाल में सोमवार को साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें अंचल के कवि एवं साहित्यकारों के साथ ही स्वामी विश्वानंद तीर्थ महाराज जी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत देश की संस्कृति सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। वेदों को श्रुति कहा जाता है। श्रुति का मतलब श्रवण करना होता है। किसी समय पर सभी शास्त्र यहां तक की वेद, पुराण, उपनिषद को श्रुति इसलिए कहते थे क्योंकि गुरु के द्वारा श्रवण किया जाता था और कंठस्थ करके उसको आगे प्रचलन में लाते थे। एक दूसरे से ऐसा क्रम चलता था परंतु अब वह समय नहीं रह गया है। पुस्तकों के माध्यम से आने वाली पीढ़ी यह जान पाती है कि ज्ञान कैसे अर्जित करना है। ज्ञान क्या है। साहित्यकार एवं विद्वतजन कविताओं के माध्यम से रचना करके हमारे संस्कृति एवं शास्त्रों के बारे में बताते हैं। जिसके माध्यम से आने वाली पीढ़ी जान पा रही हैं। कार्यक्रम में उपस्थित पंडित ब्रह्मदत्त शास्त्री ने संत कवि पवन दीवान को याद करते हुए उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन तुम्हें प्रणाम, हमारे संकट मोचन तुम्हें प्रणाम की पंक्ति सुनाई। कवि डॉ. मुन्नालाल देवदास ने प्रभु राम को याद करते हुए शानदार पंक्ति पढ़ी। कहा कि राजा बनने से पहले बनवासी बन गए राम, चौदह वर्ष पैदल चलकर किए अनूठे काम, हे कौशल्या के राम, तुम्हें कोटि-कोटि प्रणाम।

## राजिम कुंभ कल्प के मंच पर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने बांधा समा



12 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला अब समापन की ओर अग्रसर है। कुंभ कल्प के 13वें दिन मुख्य मंच पर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा ने श्याम, शिव और माता के भजनों से ऐसा समां बांधा कि श्याम जी और हर-हर महादेव के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हो उठा। उन्होंने अपने पसंदीदा माता के भजन प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी... की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय कर दिया और पंडाल में बैठे दर्शकों को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद उन्होंने एक के बाद एक सुपरहिट भजन गाए जिन पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे। प्यारा सजा है, तेरा द्वार भवानी..., लक्खा को मां तेरा सहारा..., भोला शिव हर-हर भोला..., राम जी से कह देना जय सिया राम..., बांके बिहारी लाल गोपाल..., मन रखियो चरण में..., अरे द्वार पालो..., श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में..., मुझे काल से डर नही लगता, महाकाल मेरे रखवाले है..., जैसे भजनों को सुनकर दर्शक भी गदगद हो गए। गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने भी कार्यक्रम का आनंद लिया। मुख्य मंच पर सांस्कृतिक की छटा बिखेरने 11 साल की बालिका राधिका शर्मा ने शिव की शक्ति एवं भक्ति पर आधारित शानदार कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी, जिसे देकर दर्शक भी अचंभित रह गए। इसी मंच पर 10 साल की बालिका भूमि सूता का ओड़िसा नृत्य की प्रस्तुति देकर ओडिसा की संस्कृति एवं वेश-भूषा का परिचय कराया। मंच पर कृष्ण कुमार पाटिल ने सुगम

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में राजिम कुंभ कल्प का होगा समापन



माघ पूर्णिमा 12 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन 26 फरवरी महाशिवरात्रि के अवसर पर होगा। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, नगर पंचायत राजिम अध्यक्ष महेश यादव, नगर पंचायत देवभोग अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी, नगर पंचायत छुरा अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, नगर पंचायत कोपरा अध्यक्ष रूपनारायण साहू, नगर पालिका परिष गोबरा नवापारा अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू, नगर पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष राजेंद्र (धनराज) सूर्यवंशी, नगर पंचायत मगरलोड अध्यक्ष लीलेश सुरेश साहू, नगर पालिका परिषद गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम साहू उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरी, महामंडलेश्वर साध्वी पुष्पांजलि पुरी, महामंडलेश्वर दीनबंधु दास, राजेश्री महंत राम सुंदरदास महाराज, दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, द्वारकेश महाराज, महंत नरेंद्र दास महाराज, स्वामी राजीव लोचनदास महाराज, बाल योगेश्वर बालयोगी रामबालक दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती, स्वामी गंगादास उदासीन महाराज। साध्वी अरुणा भारती, स्वामी ज्ञानस्वरूपानंद अक्रिय महाराज, संत परमात्मानंद महाराज, संत युधिष्ठिर लाल महाराज, संत गोवर्धन शरण महाराज, महंत रामरूप दास महात्यागी, महंत दिव्य कांत महाराज।

## राजिम कुंभ कल्प में सुरक्षा को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था, महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां पूरी



राजिम कुंभ कल्प मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तगड़ी व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र से लगे तीन जिलो क्रमशः गरियाबंद, धमतरी और रायपुर की सीमा पर पुलिस कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है जहाँ पर पुलिस के जवानों सहित अर्द्धसैनिक बल, होमगार्ड के जवान तैनात है। इन कंट्रोल रूम के नियंत्रण के लिए मेला क्षेत्र में मुख्य मंच के पास एक पुलिस कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें पुलिस के आला अधिकारी-एसपी, एएसपी, सहित अन्य पुलिस अधिकारी सम्पूर्ण मेले की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे हुए है। गरियाबंद जिले के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस निशा सिन्हा ने बताया कि राजिम मेला की सुरक्षा के मद्देनजर लगभग 1000 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात है जिसमें जिला बल, एसडीआरएफ, होमगार्ड, पेट्रोलिंग टीम सुरक्षा व्यवस्था पर तैनात हैं। आपराधिक घटना को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाये गए हैं जिसे कंट्रोल रूम में बैठकर पूरे मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि 250 सीसीटीवी कैमरे की सहायता से पूरे मेला परिसर सहित लगभग 5 कि.मी. के सराउंडिंग एरिया में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेला स्थल की ओर आने जाने वाले सभी रास्तों के चौक-चौराहों पर कैमरे से निगरानी की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद निशा सिन्हा, निरीक्षक अमृत लाल साहू साथ ही 02 चार पहिया व 03 बाईक पेट्रोलिंग, अग्निशमन विभाग द्वारा फायर ब्रिगेड गाड़ियां भी मुस्तैदी के साथ चौबीसों घंटे किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए खड़ी है।

# अबूझमाड़ मैराथन को लेकर समाज प्रमुखों एवं नागरिकों की बैठक संपन्न

### अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन का आफलाईन पंजीयन 01 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन-2025 के आयोजन संबंधी समाज प्रमुख एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक लेकर सुझाव एवं सहायोग करने की अपील किया गया है। कलेक्टर ममगाई ने जिले में मैराथन के सफल आयोजन हेतु समाज प्रमुख एवं गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगी गई। उन्होंने अपने अपने सुझाव देते हुए सहभागिता निभाने की जानकारी दी गई। उन्होंने अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन हेतु कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल एवं साज-सज्जा, बैठक व्यवस्था, बेरिकेटिंग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई, प्रशस्ति पत्र, मेडल और सड़क मरम्मत संबंधी कार्यों की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के पंजीयन, भोजन, रूकने की व्यवस्था आदि की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले अतिथियों एवं प्रतिभागियों को सभी सुविधा समय पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसकी सहायता हेत टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा। आयोजन स्थल परेड ग्राउंड नारायणपुर से 2 मार्च को मैराथन दौड़ प्रातः 05.30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। मैराथन की दूरी हॉफ मैराथन 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर को आयोजन किया जाएगा। ओपन हॉफमैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर, ओपन जिला हॉफ मैराथन महिला एवं पुरूष 21 किलोमीटर, दौड़ ओपन महिला एवं पुरुष 10 किलोमीटर और ओपन दौड़ महिला 5 किलोमीटर का आयोजन किया जाएगा। पुरस्कार की कुल राशि 15 लाख 84 हजार रुपये विजेता प्रतिभागियों को दिया जाएगा। ओपन हॉफ मैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर प्रथम पुरस्कार 1,50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1,00,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 75,000 रुपये, चतुर्थ पुरस्कार 50,000 रुपये, पंचम् पुरस्कार 50,000 रुपये एवं छठवाँ से दसवाँ पुरस्कार तक 10-10 हजार रुपये की मान से पुरूष वर्ग की राशि 4,75,000 रुपये एवं महिला वर्ग हेतु 4,75,000 रुपये की राशि प्रदाय किए जायेंगे। ओपन जिला हॉफमैराथन महिला एवं पुरुष 21 किलोमीटर प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 75,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 50,000 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 10,000 रुपये, पंचम् पुरस्कार 10,000 रुपये और छठवाँ से दसवों पुरस्कार तक 05-05 हजार रुपये की राशि पुरूष वर्ग को 2,70,000 रुपये।

# भाजपा पंचायती राज के जनादेश को पलटने का षडयंत्र कर रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भाजपा त्रिस्तरीय चुनाव में पूरी तरह पराजित हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिला पंचायत में कांग्रेस के 18 जिला अध्यक्ष बनने की स्थिति है। 7 जगह कांग्रेस के समर्थित सदस्य के सहयोग से अध्यक्ष बनने जा रहे है। भाजपा पंचायती राज के जनादेश को पलटने का षडयंत्र कर रही है। चुनाव जीत चुके कांग्रेस समर्थित सदस्यों को जीत का सर्टिफिकेट नहीं दिया जा रहा। भाजपा समर्थित हार चुके प्रत्याशी को जीत का सर्टिफिकेट गलत तरीके से बिना टेबुलेशन के भी दे दिया जा रहा है। जहां पर कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी और कार्यकर्ता विरोध कर रहे है उनको धमकाया जा रहा है। कांग्रेस के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है और न हार मानने वाले है। भाजपा के षड्यंत्रों का मुकाबला करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिना बहुमत के भी भाजपा का अध्यक्ष बनाने के लिये कांग्रेस समर्थित सदस्यों पर सरकार द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सत्ता का दुरूपयोग कर रही है, कांग्रेस समर्थित सदस्य और जो निर्दलीय कांग्रेस विचारधारा के जीते है उन्हे कलेक्टर एवं एसपी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से उठया जा रहा है और खरीद फरोख्त करने के लिये सदस्यों को चार चक्का गाड़ी देने का आफर दिया जा रहा है।












# जन चौपाल का उद्देश्य नागरिकों मे स्वच्छता की आदत विकसित करना और शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाना है : रोहरा

## स्वच्छता के संकल्प से सफाई चौपाल मे नागरिक बढ़ चढ़कर भाग ले रहे

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम धमतरी में स्वच्छता जागरूकता के लिए सफाई चौपाल का आयोजन वार्ड स्तर पर किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। कार्यक्रम का लक्ष्य नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वच्छता को उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। इस कार्यक्रम में विभिन्न वार्डों में सफाई चौपाल आयोजित की जा रही है जिसमें वार्डवासियों का उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रहा है। स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन पं श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड और मकेश्वर वार्ड में किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8.30 बजे हुआ जिसमें जन चौपाल के रूप में सफाई के मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने वार्डवासियों से संवाद किया और स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह हर नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ महापौर रामू रोहरा द्वारा दिलाई गई। नागरिकों ने कचरा इधर-उधर न फेंकने, प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने और अपने आस.पास साफ सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया। यह पहल शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी महसूस कराती है और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करती है। इसके बाद सुबह 9.30 बजे महंत घासीदास वार्ड और आमापारा वार्ड में सफाई चौपाल का आयोजन किया गया। यह आयोजन बनिया तालाब के पास किया गया था। जहां पार्षद विजय मोटवानी ने सफाई से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। स्थानीय निवासियों ने कचरा प्रबंधन, नालियों की सफाई और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान लगाने जैसी समस्याओं को उठाया। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। आयुक्त प्रिया गोयल ने इस अभियान को बेहद महत्वपूर्ण बताया और कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की सफाई चौपालों का आयोजन लगातार किया जाएगा, ताकि नागरिकों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि सफाई के प्रति नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है और उनकी भागीदारी से ही धमतरी को स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान दिलाने में सफलता प्राप्त की जा सकती है। नगर निगम के इस अभियान को वार्डवासियों से भरपूर समर्थन मिला है। नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे नियमित रूप से जारी रखने की अपील की। इस प्रकार के कार्यक्रमों से नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और शहर को स्वच्छता की दिशा में सफलता मिलेगी। यह पहल केवल एक सरकारी प्रयास नहीं बल्कि पूरे समुदाय की सामूहिक भागीदारी का परिणाम है जिससे धमतरी एक साफ और सुंदर शहर के रूप में उभरेगा। सफाई जन चौपाल मे मुख्य रूप से उपायुक्त पीसी सार्वा, पार्षद आशा लोधी, कुशल लोढ़ा, तल्लीनपुरी गोस्वामी, कार्यपालन अभियंता महेंद्र सिंह जगत, स्वास्थ्य अधिकारी प्रकृति जगताप, स्वच्छता मैनेजर शशांक मिश्रा सहित निगम के कर्मचारी गण, वार्डवासी अधिक संख्या में उपस्थित हुये।

# शान्ति सरोवर सड्डू में होगा बाबा केदारनाथ के दर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा विधानसभा रोड पर शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले में द्वादश ज्योतिर्लिंग के अन्तर्गत भक्तजन बाबा केदारनाथ के भी दर्शन कर सकेंगे। यहाँ पच्चीस फीट उँचे पहाड़ पर बाबा केदारनाथ की अनुकृति (रिप्लीका) बनाई गई है। यहाँ पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के अलावा शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी, होलोग्राम शो और मानसिक शान्ति के लिए प्रबुद्धजनों के लिए माइण्ड स्पा की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि 2 मार्च तक आयोजित शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले को प्रतिदिन शाम को 5 से रात्रि 10 बजे तक देखा जा सकता है। इसके साथ ही महाशिवरात्रि के दिन 26 फरवरी को सुबह 8 से रात्रि 10 बजे तक दर्शन किया जा सकेगा। झाँकी के अन्तर्गत परमपिता परमात्मा शिव की यादगार द्वादश ज्योतिर्लिंगों के इतिहास एवं महत्व को संगीतमय कमेन्ट्री के माध्यम से बहुत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा होलोग्राम शो एवं एल. सी. डी. प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर द्वादश ज्योतिर्लिंग के इतिहास और महत्व की जानकारी भी लोगों को दी जाती है।



### सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर

महाशिवरात्रि के पश्चात सोमवार, 3 मार्च से शान्ति सरोवर और चौबे कालोनी स्थित सेवाकेन्द्र में सात दिवसीय राजयोग अनुभूति शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया है। शिविर में भाग लेने के लिए सुबह 7 से 8 अथवा शाम को 7 से 8 बजे में से कोई भी एक समय निश्चित करके लाभ लिया जा सकता है।

# नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु के नेतृत्व में पार्षदों ने किया नगर भ्रमण



**कुरूद।** नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर के नेतृत्व मे दूसरे दिन सुबह वार्ड क्रमांक 5, 6, 7 के गलियों में नव निर्वाचित पार्षद मिथिलेश बैस, सितेश सिन्हा, महेन्द्र गायकवाड़ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण कर नगर पंचायत के कर्मचारियों को वार्ड वासियों के द्वारा बताये वर्षो से लंबित मूलभूत समस्याओं को तत्काल ठीक करने के लिए अध्यक्ष ने निर्देशित किये, आओ हम सब मिलकर कुरूद को स्वच्छ बनाये, विकसित कुरूद बनाने मे सहयोग करें, नगर मे नशा मुक्ति अभियान चलाकर समृद्ध कुरूद बनायें।

# कलेक्टर अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा के निगरानी के लिए उड़नदस्ता दल का किया गठन

## जिले के 68 परीक्षा केन्द्रों में होगी परीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित की जाने वाली वर्ष 2025 की हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी, शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि मुख्य परीक्षा 1 मार्च से 28 मार्च 2025 तक आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा प्रातः 9 बजे से 12:15 बजे के मध्य 68 परीक्षा केंद्रों में संचालित होगी। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान समुचित साधनों के उपयोग एवं नकल प्रवृत्ति को रोकने के लिए विकासखंडवार परीक्षा केंद्रों के लिए आकस्मिक निरीक्षण उड़नदस्ता दल का गठन किया है। दल प्रमुख एसडीएम एवं तहसीलदारों को बनाया गया है। साथ ही दल सहायकों में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। उड़नदस्ता दल परीक्षा केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। साथ ही निरीक्षण प्रतिवेदन बोर्ड परीक्षा के कन्ट्रोल रूम कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद में प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर ने परीक्षा के दौरान सावधानीपूर्वक प्रश्न पत्रो को थाना-चौकी से प्राप्त करने तथा नियमानुसार केन्द्राध्यक्षों को प्रदाय करने के लिए भी अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को परीक्षा के दिन प्रतिदिन परीक्षा प्रारंभ होने के लगभग आधे घण्टे पूर्व उस दिन संपादित होने वाले परीक्षा के ही प्रश्न पत्र को बॉक्स से निकालने के निर्देश दिये गये है। कलेक्टर अग्रवाल ने परीक्षा के सुचारू संपादन के लिए दिये गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निवर्हन करने के भी निर्देश दिये है।

# कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों का बायोमेट्रिक उपस्थिति करें सुनिश्चित : कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली, साथ ही आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने राजिम कुंभ कल्प के समापन कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री साय के आगमन की सभी तैयारी को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यालयों में कार्यालयीन समय में अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यालय में बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थित के लिए कर्मचारियों की पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय कर्मियों की अनिवार्यतः बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के कार्य को सुचारू रूप से लागू करने के लिए दिए। पंजीयन के कार्य के लिए छूटे हुए विभागों के अधिकारियों सहित अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का अनिवार्यतः पंजीयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में विभिन्न योजनाओं के सैचुरेशन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने राशन कार्ड, वन अधिकार पट्टा, आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से पूरक पोषण आहार वितरण, एनएनसी रजिस्ट्रेशन, कौशल विकास पंजीयन, स्वास्थ्य कार्ड, जाति, निवास प्रमाण पत्र एवं श्रमिक पंजीयन आदि की जानकारी लेकर एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में किसान पंजीयन की स्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने गांव में मुनादी करा कर किसानों का पंजीयन करने कैंप लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं पटवारी को सक्रिय कर गांव में कैंप लगाने को कहा। साथ ही वीएलई का मैपिंग कर सभी किसानों का हल्का वार पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान पंजीयन के कार्य को गंभीरता पूर्वक करते हुए 7 दिनों के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पी.एम. किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी, जिले में मनाया गया किसान सम्मान समारोह



पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2025 को भागलपुर बिहार से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त की राशि जारी किया गया। इस दिवस को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया गया। जिले के प्रत्येक विकासखंड एवं विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर भी किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के समन्वय से कृषि विज्ञान केन्द्र, जिला-गरियाबंद के सभाकक्ष में किया गया। जिसमें भागलपुर में हुए वृहद कार्यक्रम का वेब प्रसारण किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को आमंत्रित किया गया था। उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय द्वारा कार्यक्रम के दौरान किसानो को प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना एवं पीएम पोर्टल पर उपलब्ध केवाइसी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। ताकि लाभार्थी कृषक स्वतः ही जांच कर जानकारी प्राप्त कर सकें। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र गरियाबंद के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया, वैज्ञानिक मनीष आर्या एवं तुषार मिश्रा द्वारा उन्नत कृषि तकनीक, कीट-व्याधि नियंत्रण, रासायनिक कीटनाशकों से होने वाले नुकसान, जैविक खेती एवं फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित कृषकों को जानकारी दिया गया। उक्त कार्यक्रम में पीएम किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत जिले के एक लाख 4 हजार 811 किसानों को 19वीं किस्त के रूप में 23 करोड़ 3 लाख रूपये उनके खातों में हस्तांतरित किया गया। पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत पुरे देश के 9.80 करोड़ से अधिक लाभार्थी कृषकों को 22 हजार करोड़ से अधिक की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से किसानों के खातों में हस्तांतरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को सम्बोधित करते हुए उप संचालक कृषि चंदन कुमार रॉय के द्वारा धान के स्थान पर दलहन तिलहन मक्का एवं अन्य फसलों के उत्पादन हेतु प्रोत्साहित किया गया साथ ही जैविक खेती अपनाकर मृदा एवं पर्यावरण स्वास्थ्य के प्रबंधन अपनाने हेतु कृषकों से अपील किया गया।

# राजिम और छुरा क्षेत्र में 13 मार्च तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

## आंगनबाड़ी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों में दवा का किया जायेगा वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शासन द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। फाइलेरिया के रोकथाम एवं जागरूकता के लिए सामूहिक दवा सेवन गतिविधि के जरिये 27 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम राजिम और छुरा क्षेत्र में विशेष रूप से चलाया जायेगा। इसके तहत बूथ लगाकर, घर-घर भ्रमण, मॉप-अप राउंड एवं एमडीए कॉर्नर गतिविधि कर दवाईयों का वितरण किया जायेगा। इसके तहत फाइलेरियारोधी डीईसी की गोली और कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली बच्चों और बड़ों को सेवन कराया जा जायेगा। कार्यक्रम के तहत 27 फरवरी से 02 मार्च तक बूथ लगाकर आंगनबाड़ी स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों दवा का सेवन कराया जायेगा। इसी प्रकार 03 मार्च से 10 मार्च तक घर-घर भ्रमण कर समुदाय स्तर पर दवा वितरण किया जायेग। छूटे हुए जनसंख्या को 11 से 13 मार्च तक मॉप-अप राउंड के तहत दवा का सेवन कराया जायेगा। इसके अलावा 15 दिवसीय इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य केन्द्रों में भी ओपीडी के पास बूथ लगाकर दवा का सेवन कराया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिये है। उन्होंने छुरा एवं राजिम क्षेत्र के एसडीएम, जनपद सीईओ, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को समन्वय कर कार्यक्रम को सक्रियतापूर्वक क्रियान्वित करने के निर्देश दिये है। साथ ही आवश्यक संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर गंभीरतापूर्वक विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गार्गी यदु पाल ने बताया कि फाइलेरिया एक संक्रामक बीमारी है जो कि मादा क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। इस बीमारी में व्यक्ति के पैर हाथी पैर की तरह हो जाते है, इस कारण से इसे हाथी पांव कहते है। संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को यदि यह मच्छर काटता है तो उसमें एक साल बाद इस बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। मुख्यतः हाथी पांव बीमारी के परजीवी शरीर के लिम्फ नोड्स, लिम्फ वाहिकाओं को प्रभावित करता है। शर्म या संकोच न करते हुए अंडकोष में सूजन, पैरों में सूजन होने पर नजदीकी अस्पताल जाकर इसकी जाँच अवश्य कराना चाहिए। प्रारंभिक जांच में बीमारी का पता चलने पर दवाइयों के सेवन से हाथी पांव बीमारी से पूर्ण रूप से बचा जा सकता है। साथ ही मच्छरों के प्रसार को रोकने तथा बीमारी से बचाव हेतु सोते समय मच्छरदानी का उपयोग, घरों के आसपास साफ सफाई के अलावा पानी के गडडों, टूटे बर्तन, गमलों, में पानी जमा न होने देना या जला हुआ तेल डालना चाहिए। अनुपयोगी कुंआ में भी जला हुआ तेल डालना चाहिए। इससे मच्छरों के पनपने के स्त्रोत को नियंत्रित कर सकते हैं। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हाथी पांव बीमारी से बचाव और नियंत्रण हेतु फाइलेरिया रोधी डीईसी की गोली और कृमि नाशक अल्बेंडाजोल की गोली सेवन के लिए विशेष कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा है।

# चुनावों में भाजपा की शानदार जीत, विधानसभा प्रभारी राजीव पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में वैसे तो धमतरी जिले के सभी भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने दिल खोलकर काम किया और जनता-जनार्दन ने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान कर जिले में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई। पार्टी को मिली इस जीत में धमतरी विस प्रभारी राजीव पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने पार्टी के सभी छोटे-बड़े नेताओं को एकजुट कर पार्टी को मजबूत करने के लिये प्रेरित किया। विदित हो कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने 20 अगस्त 2022 को पांडे को धमतरी विधानसभा प्रभारी का दायित्व सौंपा। उसके बाद से लगातार हर चुनाव के अलावा संगठन को भी मजबूत करने में पांडेय ने अपना भरपूर समय कार्यकर्ताओं को दिया। धमतरी विस का प्रभार मिलने के बाद कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर अपने कुशल नेतृत्व से जिस प्रकार मतदाताओं के समक्ष जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ साथ पूर्ववर्ती सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करते भाजपा ही देश प्रदेश को तरक्की की ओर अग्रसर कर सकती है, इसलिये भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की थी जिसका असर यह रहा कि न सिर्फ धमतरी विस में बल्कि समूचे जिले में भाजपा का परचम लहराया जिसके लिये इनके प्रयासों को नजरअंदाज किया जाना बेमानी होगा। यहां यह बताना भी जरूरी है कि इनकी पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच पकड़ के चलते लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को धमतरी क्षेत्र में अब तक के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए ऐतिहासिक निर्णायक बढ़त मिल चुकी है। धमतरी विधानसभा प्रभारी पांडेय पूर्व वर्षों से भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, वर्तमान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समय बनाये गये अंत्योदय प्रकोष्ठ जिसके राष्ट्रीय संयोजक मनोहर लाल खट्टर थे, वर्ष 2011 में उन्हें सहसंयोजक का प्रभार मिला था जिसका क्रियान्वयन इन्होंने बखूबी किया। अपने विद्यार्थी जीवन से इन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय सदस्य रहे। इसके बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रथम वर्ग प्रशिक्षित नेताओं में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। राष्ट्रीय सेवा भावना को लेकर इनके द्वारा जो कार्य किये गये, उसे लेकर भाजपा के नेताओं ने इन्हें धमतरी विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया। तबसे इनके द्वारा धमतरी विस क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा चलाये जा रहे जनहित, कल्याणकारी योजनाओं, किसानों के समर्थन में उनके उपज का सही मूल्य निर्धारित कर उन्हें भुगतान करवाना जैसे अनेक जनहित कार्य का प्रचार जोर-शोर से किया गया। इसके अतिरिक्त इन्होंने पूर्ववर्ती सरकार के शासन में हुए भ्रष्टाचार, घोटाला, चांवल की हेराफेरी जैसे कृत्यों को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अब तक प्रदेश का विनाश किया है और अपना ही घर भरा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में आप लोग मोदी का हाथ मजबूत करें और प्रदेश में भाजपा की सरकार स्थापित करें, ऐसा इन्होंने नुक्कड़ सभा लेकर प्रचारित किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से प्रथम वर्ष प्रशिक्षित राजीव पांडेय को नेता नितिन गडकरी, मनोहर लाल खट्टर जैसे राष्ट्रीय नेताओं का मार्गदर्शन और चुनावी रणनीति का पूरा-पूरा ज्ञान रहने के चलते ही उस ज्ञान का इन्होंने धमतरी विस क्षेत्र में भरपूर उपयोग किया जिसके चलते नगरीय निकाय चुनाव में महापौर सहित नगर पंचायत अध्यक्ष सहित पार्षदों ने भारी अंतरों से जीत अर्जित की। इसी तरह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भी इन्होंने अपनी महती भूमिका निभाते हुए ग्रामीणीय सरकार बनाने के लिये भी भारी मशक्कत की है जिसे लेकर धमतरी विस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने इनकी कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि इनके द्वारा जो द्रुतगति से प्रचार प्रसार किया गया, उसी के कारण यह संभव हो पाया है। आज चुनाव संपन्न हो चुके हैं, भाजपा को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और नगरीय निकाय चुनाव में भारी सफलता प्राप्त हुई है जिसके लिये स्थानीय नेताओं के साथ साथ इनकी सक्रियता को नहीं भुलाया जा सकता है। उल्लेखनीय रहे कि पांडेय मूलतः उत्तरप्रदेश बलिया के रहने वाले हैं। छात्र जीवन के समय से ही देश सेवा का जज्बा रखकर अभाविप से जुड़कर राजनीति की शुरूवात किये हैं तत्पश्चात 1999 में वे अपने ननिहाल रायपुर में आकर छत्तीसगढ़ को ही अपना कर्मभूमि बना लिया और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में पार्टी से संबंधित जो भी जिम्मेदारी दी गई, उसे इन्होंने कार्यकुशलता से अमलीजामा पहनाते हुए पार्टी को मजबूत करने में लग गये और पार्टी नेताओं के विश्वास पर लगातार खरा उतरते गये। यही कारण है कि वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें धमतरी जैसे महत्वपूर्ण विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया। इसके बाद से वे लगातार धमतरी विधानसभा में पार्टी को मजबूत करने में लगे हुए हैं।

# सड़कों को सुरक्षित बनाने दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में किया जाएगा सुधार, नए दुपहिया वाहन के साथ हेलमेट देना होगा अनिवार्य

## कलेक्टर एवं एसएसपी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास एवं एसएसपी शशिमोहन सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में सुधार करने के निर्देश दिए। इसके तहत जिले के सभी दुर्घटना संभाव्य क्षेत्रों की स्थिति पर चर्चा करते हुए दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर उनका सुधार करने के निर्देश दिए गए। जिसमें बगीचा-पत्थलगांव मार्ग, चरईडांड-बगीचा मार्ग, बेंदीनाला, बालाछापर, काईकछार, लोरोघाट, रेंचुआ घाट, पतराटोली, जिरिया, केरसई, सिंगीबहार, साजबहार, मुंडापारा, कोतबा, तुमला, झांपीदरहा, रायकेरा चौक आदि में सड़क सुरक्षा हेतु रोड साइन बोर्ड, रम्बल स्ट्रीप, स्टॉपर, क्रेस बैरियर, लाइटिंग, रेडियम स्ट्रीप, कैट्सआई आदि लगाने के निर्देश दिए गए ।

**शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों के हेलमेट एवं सीटबेल्ट ना लगा कर आने पर होगी कार्रवाई-** सड़कों को सुरक्षित बनाने कलेक्टर ने जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने एवं महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने चारपहिया वाहन चालकों हेतु सीटबेल्ट एवं दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए जिला कार्यालय, पुलिस कार्यालय समेत सभी शासकीय कार्यालयों में बिना हेलमेट आने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके लिए पूर्व में भी कलेक्टर के द्वारा आदेश जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिले के सभी दुपहिया वाहन विक्रेताओं को नए वाहन विक्रय के साथ अनिवार्य रूप से हेलमेट देने को कहा। इसके साथ ही वाहन व्यवसायियों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवकों को भी शामिल किया जाएगा। जिले में ट्रक एवं ट्रैक्टरों में टेल लाइट, रेडियम स्ट्रीप ना होने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने सभी ट्रक एवं ट्रैक्टर संचालकों को नियत स्थान पर नंबर लिखने एवं रेडियम स्ट्रिप लगाने को कहा। इसके साथ ही इसके प्रति जागरूकता लाने के लिए लोगों को परिवहन विभाग की ओर से सभी ऐसे रजिस्टर्ड वाहनों के मालिकों जागरूकता संदेश भेजने के निर्देश दिए गए तथा ट्राली निर्माताओं को बनाने के साथ ही उस पर रेडियम लगाने को कहा गया। कलेक्टर ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत शराब पीकर वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने, सीट बेल्ट न लगाने, ओवर स्पीडिंग करने वालों पर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**अधिक आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पर होगी कार्रवाई-**जिले में कई बाइकों में युवाओं द्वारा नियम विरुद्ध अधिक आवाज सीमा वाले मोडिफाइड साइलेंसर लगाया जाता है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए एसएसपी द्वारा ऐसे वाहन चालकों की फ़ोटो खींच कर रजिस्ट्रेशन नम्बर द्वारा जानकारी हासिल करते हुए घर पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही ऐसे वाहन चालकों पर जुर्माना लगाने के साथ उनके परिजनों को समझाइश देकर साइलेंसर निकाल कर नष्ट करने के निर्देश दिए गए।

# खेल की तरह ही मन में स्वच्छ भावना हो : आयुक्त

## स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत बैठक में कालोनाइजर के पदाधिकारियों ने लिया स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का संकल्प

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण की दी समझाईश स्वच्छता के लिये नगारिक दे रहे हैं फीडबैक। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने ऋषभ हेरिटेज, लेकव्यू अपार्टमेंट सोसायटी, वर्धमान ट्रस्ट, ऋषभ सिटी, ऋषभ साउथ व ऋषभ कालोनी सहित अन्य अपार्टमेंट के समितियों के समस्यों के साथ हुई बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि शहर के समस्त कालोनी, घरों आदि से 100 प्रतिशत गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक संग्रहित किये जाने हेतु नगर निगम टीम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को स्वच्छता बनाये रखने गीला व सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने की समझाईश दी जा रही है।नगर निगम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्कीकरण हेतु घरों एवं दुकानों में पृथक-पृथक कचरा पात्र रखकर पृथक-पृथक कचरा एकत्रिकरण व गीले एवं सूखे कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डालने की समझाईश दी साथ ही नागरिकों से स्वच्छता हेतु स्वच्छता एप पर सिटीजन से फीडबैक लिया गया। शहर नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर 1 बनाने हेतु नवनिर्वचित महापौर अलका बाघमार एवं निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई संबंधी शिकायत दर्ज कराने के लिये भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये स्वच्छता एप की जानकारी निगमकर्मियों व निगम स्वास्थ्य विभाग अमला द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों को दी। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कालोनाइजरों के साथ बैठक लेकर कहा कि जिस तरह हम शारीरिक मजबूती, खुद को फिट रखने के लिए या खेल स्पर्धाओं में अव्वल आने के लिए खेल भावना के साथ ही खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते है ऐसे ही हमे अपने घर, आसपास, खैल मैदान और शहर की स्वच्छता का भाव भी रखना चाहिए। हमारा शहर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024/25 में हिस्सा ले रहा है। हम सभी का प्रयास होना चाहिए कि दुर्ग स्वच्छता की दौड़ में नम्बर 1 रहे. डाटा सेंटर में बैठक आयोजित कर स्वच्छता संकल्प सन्देश विषय पर आयोजित बैठक के दौरान शहर के विभिन्न कालोनी के पदाधिकारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल आसपास की सफाई करना ही नहीं है अपितु नागरिको को स्वयं जागरूक होना होगा। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, भवन निरीक्षक विनोद मांझी, करण यादव, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर, पीआईयू कुणाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# सीमेंटीकरण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन, बारिश की समस्या से निजात





पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

रिसाली सेक्टर वार्ड क्र. 8 के सी ब्लॉक क्वाटर के खाली जगहों में सीमेंटीकरण किया जाएगा। महापौर शशि सिन्हा समेत एमआईसी सद्स्यों ने भूमिपूजन किया। इस कार्य के लिए शशि सिन्हा ने महापौर नीधि से 5 लाख स्वीकृत की है। महापौर ने बताया कि पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर ने यहां के नागरिकों की समस्या को प्रमुखता से बताया था। दरअसल आवास पुराना होने के कारण सड़क की ऊचाई बढ़ गई है। यही वजह है कि सी ब्लॉक में बारिश का पानी भर जाता है। इस वजह से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि सीमेंटीकरण होने से समस्या से पूर्ण रूप से निजात मिलेगी। भूमिपूजन अवसर पर एमआईसी जहीर अब्बास, संजू नेताम, ममता यादव, परमेश्वर कुमार, चन्द्रप्रकाश सिंह, पार्षद चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनुप डे, जमुना ठाकुर आदि उपस्थित थे। इन 5 ब्लॉक का होगा सीमेंटीकरण

रिसाली सेक्टर 149, 148, 147, 151 और 142 सी ब्लॉक में सीमेंटीकरण किया जाएगा। महापौर ने निर्देश दिए है कि सीमेंटीकरण वाले स्थान में पेड़ होने पर चबुतरा अवश्य बनाए।

# जिन हितग्राही के पास स्वयं का मकान नहीं है निगम के डाटा सेंटर में कर सकते हैं आवेदन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का 3 महीने गुजर चुके। इस दरमियान दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में एएचपी घटक के तहत आवेदन लगातार आमंत्रित किया जा रहा है। ए एच पी घटक में माँ कर्मा साइट, सरस्वती नगर, गोकुल नगर, गणपति विहार, इत्यादि के लिए कुल मिलाकर 39 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमे माँ कर्मा हेतु 9, सरस्वती नगर हेतु 6, गणपति विहार हेतु 14 और गोकुल नगर के लिए 10 आवेदन आमंत्रित हुए है।लोगो के द्वारा लगातार जानकारी लेने के लिए डाटा सेंटर में पूछताछ कर रहे है एवं अपनी आय के अनुसार फॉर्म लेकर भर रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना के एक्सपर्ट्स योजना की जानकारी आम जनता को दे रहे हैं! सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।योजना के बारे में अधिक जानकारी हेतु कोई भी हितग्राही डाटा सेंटर में संपर्क कर सकता है।पात्रता की शर्तें इस प्रकार है हितग्राही निगम क्षेत्र का निवासी हो जो कि अगस्त 2024 के पूर्व से निवासरत होना चाहिए! जहाँ परिवार के नाम पर कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए तथा हितग्राहियो का पारिवारिक आयात 3 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए।

**पीएम आवास :** निगम में कर सकते हैं आवेदन। पीएम आवास योजना के तहत आवासहीन हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया जा रहा है। नवनिर्वचित महापौर अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने बताया कि जिन हितग्राही के पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हें मकान प्राप्त करने महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे-नागरिक 31 अगस्त 2015 से पूर्व निवासरत हो जिनका (मतदाता सूची/किरायानामा/निवा स प्रमाण/जनगणना 2011 की सूची में नाम), हितग्राही का भारत में कहीं भी पक्का मकान न हो, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक न हो। जिन हितग्राही के पास सभी दस्तावेज हो वह हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# भव्य रूप से महाशिवरात्रि महोत्सव मनाने के लिए बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि महोतस्व का पर्व मनाने के लिए नगर के प्राचीन शिव मंदिर में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से रुद्राभिषेक भजन कीर्तन के साथ ही भंडारे का आयोजन करने एवं संध्या के समय प्रदोष काल में औघड़ दानी भगवान भोलेनाथ का बारात निकालने के लिए सहमति बनी। बारात पूरा नगर भ्रमण करते हुए जगत जननी मां महामाया के मंदिर में विश्राम उपरांत नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा आयोजित झांकी में सवार भोलेनाथ सहित विभिन्न प्रकार के गड़ो के स्वरूप के साथ विवाह विधि संपन्न कराया जाएगा। तद उपरांत आयोजित समारोह में उपस्थित जनों के बीच प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। इस दौरान आयोजित बैठक में धर्म स्वावलंबी लोग उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिला भाजपा संगठन अंतर्गत आने वाले दुर्ग नगर निगम, अमलेश्वर एवं कुम्हारी नगर पालिका तथा पाटन, उतई, धमधा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में प्रदेश भाजपा कार्यालय पंहुचकर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से सौजन्य भेंट की। दुर्ग नगर निगम महापौर अलका बाघमार, कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, अमलेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, पाटन नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश भाले, धमधा नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल और उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू ने अपने-अपने नगरीय निकायों के पार्षदों के साथ संगठन मंत्रियों से मुलाकात की। सौजन्य भेंट के दौरान जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये, पाटन चुनाव प्रभारी दिलीप साहू, उतई चुनाव प्रभारी मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, कौशल साहू, कमलेश फेकर, धर्मेंद्र सिन्हा, रानी बंछोर, लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, कैलाश यादव, नवीन पवार विशेष रूप से मौजूद रहे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने महापौर, अध्यक्षों और पार्षदों से कहा कि जनता ने बहुत ही आशा विश्वास के साथ आपको बड़ी जिम्मेदारी दी है, जनता की सेवा करने में कोई कसर न छोड़ें। अच्छे जनप्रतिनिधि की छवि बनाकर पार्टी को आगे बढ़ाएं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि जनप्रतिनिधि के पद को सेवा का माध्यम मानकर जनता के बीच काम करें और पार्टी का आधार मजबूत करें।

# पाटन जनपद समीकरण में भाजपा हुई मजबूत, कांग्रेस को लगा बड़ा झटका

- पाटन क्षेत्र के तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों ने किया भाजपा प्रवेश

पायनियर संवाददाता ◄ पाटन
www.dailypioneer.com



पाटन ब्लॉक के नवनिर्वाचित तीन जनपद सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग पहुंचकर जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पुरुषोत्तम देवांगन, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। ज्ञातव्य हो कि पाटन में बड़ी संख्या में भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार जनपद सदस्य के रूप में चुनाव जीतकर आए हैं, इसके बाद नए घटनाक्रम में पाटन क्षेत्र के नवनिर्वाचित तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों ने मंगलवार को भाजपा में प्रवेश लिया। नवनिर्वाचित निर्दलीय जनपद सदस्यों में कमलेश वर्मा, कुसुमलता राकेश आडिल, और दुलौरिन यादव ने भाजपा के सिद्धांत विचारधारा और रीति नीति को अंगीकार कर भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त कर भाजपा में प्रवेश देने का आग्रह किया, जिसे स्वीकार करते हुए तीनों निर्दलीय जनपद सदस्यों को भाजपा की पंच निष्ठाओं का संकल्प दिलाकर भाजपा प्रवेश कराया गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबियों में से एक रहे पाटन क्षेत्र के कमलेश वर्मा ने प्रतिष्ठित गांव बोरेंदा से निर्विरोध सरपंच रहते हुए लंबे समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़कर काम किया और निर्विरोध सरपंच बनने के बाद इस बार कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। कमलेश वर्मा के भाजपा प्रवेश से पाटन कांग्रेस को जबरदस्त झटका लगा हैं। वहीं कुसुमलता आडिल ग्राम पंचायत कसही के निवर्तमान सरपंच और मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के युवा अध्यक्ष राकेश आडिल की पत्नी है। ग्राम गाड़ाडीह निवासी जनपद सदस्य दुलौरिन यादव के पुत्र खिलेश यादव सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पाटन क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में देश-प्रदेश आगे बढ़ रहे हैं।

# पारदर्शिता के साथ लाटरी निकालकर 24 हितग्राहियों को किया गया आवास आबंटन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित आवासों का आबंटन किया गया। सभापति गिरवर बंटी साहू एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में मकान के लिए लाटरी निकाला गया। लाटरी में वह नागरिक जो पूर्व से मकान के लिए आवेदन जमा किये थे एवं जिनका पात्र सूची में नाम था और उनके द्वारा मकान का 10 प्रतिशन अंशदान की राशि निगम कोष में जमा किया गया था। उन हितग्राहियो को लाटरी में शामिल कर उनके नाम से एक-एक कर पर्ची निकालकर मकान आबंटन किया गया है। जिन हितग्राहियों के घर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजन थे, जिनके घर में दिव्यांग लोग हैं उन सभी को भूतल का मकान आवंटित किया गया। सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 667/493 में मोर आस के 02 मकान, सूर्या विहार के पीछे खम्हरिया युनिट 1120 में मोर आस एव चिन्हारी के 03 मकान, कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे खम्हरिया में 17 मकान, एनार स्टेट खम्हरिया में 2 मकान इस तरह कुल 24 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया गया। इनमे से 7 हितग्रही संध्या पंचभाई, सुभाषनी प्रधान, अमित कुमार मांझी, समीर भटटाचार्य, कुंदन सराफ कुंती देवी कुशवाहा, हेमासुन्दर देवी महतो को भूतल का मकान आबंटित किया गया है। कल्पना टांडी वृद्ध महिला ने बताया कि मेरी बड़ी इच्छा थी।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A successor company of CSEB) (CIN-U40108CT2003SGC015820)
**OFFICE OF EXECUTIVE DIRECTOR (CIVIL)** Shed No.5, Dangania, Raipur (CG)- 492013
Phone No. : 0771-2574581 e-mail:ceciviltrans.raipur @cspc.co.in Fax No. : 0771-2574146
**No.-04-01/Trans./Works/ 3754** **Raipur, dtd. 25.02.2025**
**E-TENDER NOTICE**
**1.Tender Spn.No.-04-01/C-Trans./W/24-25/122, Rfx No.-8100041013,** Installation of an additional 63 MVA 132/33 KV power transformer (3rd unit) at 132/33 KV S/s Kondagaon under S/s Dn. CSPTCL Jagdalpur.; **NIT Value:-** Rs. 26.00 Lakhs **& EMD:-** Rs. 26,000/-, **Completion Period:-**03 Months.
Cost per tender document to be submitted online for tender at **Sl. No.- 01, is Rs.5000/- (i/c GST),** Last date for submission of bids upto 12:15a Hrs. on **dt. 10.03.2025 for Sl. No.- 01.** The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724 /irj /portal. **Samvad-43009/3**
(K.S.Manothiya)
**SAVE ELECTRICITY** Executive Director (Civil) CSPTCL, Raipur

# महापौर ने किया आयुक्त व निगम अधिकारियों को लेकर तैयारियों का किया निरीक्षण

# शिवनाथ तट पर प्रकाश पानी और सफाई की व्यवस्था करें : महापौर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवनाथ स्थित महमरा घाट पर मेला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बुधवार सुबह 8 बजे महाआरती और भगवान शिवजी का रुद्राभिषेक कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। महापौर अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल व निगम अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया। महापौर अलका बाघमार ने शिवनाथ तट पर रपटा सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा का इंतजाम के लिए बेरीकेट्स लगाने निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि शिवनाथ नदी तट पर मेला का आयोजन निगम द्वारा किया गया है।उन्होंने शिवनाथ तट पर श्रद्धालुओं की आस्था के तहत् बर्फ का शिव लिंग स्थापित किया जावेगा जिसकी तैयारी के लिए निर्देश दिए गए है। उक्त मेले में उपस्थित श्रद्धालुओ व दुकानदारों से निगम प्रशासन की अपील करती है कि पूजा सामग्री, नारियल, फूल व प्रसाद के लोई प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन का विक्रय व उपयोग न करें। कचड़ा व गंदगी न करें यदि ऐसा करते पाया गया है तो निगम जुर्माना की लगा सकती है।उन्होंने कहा कि नदी क्षेत्र को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।महाशिवरात्रि पर्व पर नदी क्षेत्र के मुख्य जगहों पर बलून एवं झंडा से सजाने को कहा। इसके अलावा महाआरती और रुद्राभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए स्थल में पंडाल और सफाई ठीक तरह से करने की बात कही। उन्होनें पूरा शिवनाथ तट में सफाई कर चूना से लाईनिंग करने निर्देश दिये। इसके अलावा मेला स्थल में पानी और प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होनें बाजार विभाग एवं राजस्व विभाग अधिकारियों से मेला स्थल में लगाये जाने वाले स्टाल की जानकारी ली।उन्होनें कहा महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालु देर रात्रि तक आना-जाना करते हैं इसलिए पार्किंग सहित मार्ग में बेहतर प्रकाश व्यवस्था करने निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्षद देवनारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, मनीष साहू, देवनारायण तांडी, श्याम शर्मा, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, शशि साहू, गोविंद देवांगन, रंजीता प्रमोद पाटिल, आशीष चन्द्राकर, सरिता विनोद चन्द्राकर, सरस निर्मलकर, मनीष कोठारी, लोकेश्वरी ठाकुर, हर्षिका जैन, सावित्री उमरे, सुरुचि उमरे।उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बाजार अधिकारी थानसिंग यादव, उपअभियंता करण यादव, मोहित मरकाम सहित अन्य मौजूद रहें।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)
**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**
जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 13-नवम्बर-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **पलटनराम वर्मा (ऋणी), श्रीमती परमेश्वरी वर्मा (सहऋणी), रुमेरश कुमार वर्मा (सहऋणी), खीख राम (गारंटर), ऋण खाता संख्या** L9001060114553660 से नोटिस में वर्णित राशि 2,98,682/- **(दो लाख अठानवे हजार छः सौ बयासी रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 21 माह फरवरी वर्ष 2025** को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 2,98,682/- **(दो लाख अठानवे हजार छः सौ बयासी रुपये मात्र)** 12-नवम्बर-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**
रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग **स्थित संपत्ति स्थित सर्वे नं. 87/22, पीसी नं. 12, ग्राम पेंड्री, तहसील रामगढ, जिला जांजगीर चम्पा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 9149 वर्ग फीट जो कि पटलन राम के स्वामित्व में है जिसकी सीमाएं: पूर्वः रोड, पश्चिमः पलटन की भूमि, उत्तरः पुनीराम का मकान, दक्षिणः फुतलाल का मकान**
**दिनांक : 21 फरवरी 2025** **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : जांजगीर-चम्पा, छत्तीसगढ** **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# संपादकीय

## मेलोनी का भाषण दक्षिणपंथ का उभार

**जार्जिया** मेलोनी के हालिया भाषण ने दक्षिणपंथ के उभार का संकेत दिया है, हालांकि इससे उसके विरोधाभास भी प्रकट हुए हैं। इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी ने हाल ही में अमेरिका में 'कंजरवेटिव पालिटिकल एक्शन कान्फ्रेंस'-सीपीएसी में अपने भाषण से सुर्खियां बटोरीं। वीडियो लिंक के माध्यम से बोलते हुए उन्होंने दावा किया कि वैश्विक दक्षिण को अनुचित रूप से लोकतंत्र के लिए खतरे की तरह पेश किया जाता है, जबकि वामपंथ को अनावश्यक वैधता प्राप्त है। अपने भाषण में उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप, अर्जेन्टाइना के जेवियर मिलेई तथा भारत के नरेन्द्र मोदी जैसे व्यक्तियों के बीच समानान्तर रेखा खींचते हुए तर्क दिया कि जब वामपंथ ने 1990 के दशक में वैश्विक नेटवर्क बनाया तो उसका उत्सव मनाया गया, लेकिन आज दक्षिणपंथ की इसी कारण निन्दा की जा रही है। हालांकि, मेलोनी का तर्क दुनिया भर में कंजरवेटिव आंदोलनों की परेशानियां अभिव्यक्त करता है, पर इसमें तार्किक कमियां तथा चयनित तर्क शामिल हैं। मेलोनी ने दक्षिणपंथी नेताओं को उत्पीड़ित वंचित लोगों के रूप में पेश किया जो सशक्त वामपंथी अवस्थापना के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन यथार्थ ज्यादा जटिल है। ट्रंप, मिलेई और मोदी जैसे नेताओं के उभार से स्पष्ट होता है कि कंजरवेटिव राजनीति वंचितों का आंदोलन न होकर दुनिया के अनेक हिस्सों में प्रभुत्वशाली शक्ति बन गई है। ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति रह चुके हैं, नरेन्द्र मोदी तीन कार्यकाल से



भारत के प्रधानमंत्री हैं तथा मिलेई हाल ही में अर्जेन्टाइना के राष्ट्रपति बने हैं। इससे स्पष्ट होता है कि व्यवस्थित रूप से उत्पीड़ित होने के बजाय दक्षिणपंथ लगातार शक्तिशाली होता जा रहा है। इसके साथ ही मेलोनी ने जोर दिया कि दुनिया अब यह विश्वास नहीं करती है कि वामपंथ के 'झूठ' अति-सरलीकरण हैं।

वर्तमान समय में राजनीतिक परिदृश्य अत्यधिक विभाजित है तथा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में दक्षिणपंथी और वामपंथी पार्टियां विजय प्राप्त कर रही हैं। जहां कंजरवेटिव आंदोलनों ने गति पकड़ी है, वहीं उदारवादी व प्रगतिशील राजनीति का काफी प्रभाव बना हुआ है। यह अवधारणा भ्रामक है कि लोगों ने वामपंथ को पूरी तरह खारिज कर दिया है क्योंकि इसमें ब्राजील, जर्मनी तथा स्पेन में वामपंथी झुकाव वाले नेताओं की चुनावी विजय को अनदेखा किया गया है। ट्रंप का कार्यकाल अभूतपूर्व रूप से अनेक झूठों से घिरा था, जिसमें कोविड-19 वैश्विक महामारी को कमतर आंकने के साथ चुनावी धोखाधड़ी के दावे शामिल हैं। यदि वैश्विक दक्षिणपंथ स्वयं को सच्चाई से जुड़ा आंदोलन मानता है तो ट्रंप जैसे व्यक्तित्व के साथ जुड़ाव उसके दावे पर गंभीर सवाल खड़े करता है। दक्षिणपंथ को लोकतंत्र के लिए खतरे की तरह पेश करने के तर्क में यह तथ्य अनदेखा किया गया है कि कंजरवेटिव आंदोलनों के भीतर व्याप्त तानाशाही प्रवृत्तियों के प्रति चिन्तायें वास्तविक हैं। ट्रंप द्वारा 2020 में अमेरिकी चुनाव के परिणाम स्वीकार करने से इनकार तथा बाद में कैपिटाल पर दंगा लोकतांत्रिक संस्थानों पर सीधा हमला था। इसी प्रकार मिलेई की आलोचना हो रही है कि उन्होंने प्रमुख सरकारी संस्थानों के खिलाफ आक्रामक टिप्पणियां की हैं। वास्तव में मेलोनी का भाषण आधुनिक दक्षिणपंथ की मुख्य भावना प्रकट करता है, लेकिन यह उनके चयनित तर्कों तथा आंतरिक विरोधाभासों को भी स्पष्ट करता है। हालांकि, यह सच है कि दक्षिणपंथी आंदोलनों ने जनता के बड़े हिस्से को आकर्षित किया है, पर इससे ये सरोकार निरर्थक नहीं सिद्ध होते हैं कि दक्षिणपंथ की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा पूर्ण रूप से निश्चित नहीं है। दुनिया की जनता किसी समय वामपंथ के बजाय दक्षिणपंथ को पसंद कर सकती है, पर इसका यह अर्थ नहीं है कि दक्षिणपंथ के साथ सब कुछ 'सही' है और वामपंथ को जनता ने पूरी तरह खारिज कर दिया है।

# त्रिपुरा में अगर का आर्थिक महत्व

त्रिपुरा भारत में अगर के गढ़ के रूप में विकसित हो रहा है। देश भर के किसान इसे उगाने पर ध्यान दे रहे हैं, लेकिन इसके लिए नियामक नीतियों को सहज बनाना जरूरी है।

**वी के बहुगुणा**
(लेखक, पर्यावरण विशेषज्ञ हैं)





अगर के वृक्ष को वैज्ञानिक रूप से 'एक्वीलेरिया मैलासेंसिस' कहा जाता है। यह मुख्यत: भारत के पूर्वोत्तर राज्यों असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश में पाया जाता है। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला एक समय अगर पेड़ों से भरी थी और इसीलिए त्रिपुरा के शाही परिवार ने इसे यह नाम दिया था। यह म्यांमार, सुमात्रा, लाओस, मलेशिया, सिंगापुर, बोर्नियो और फिलीपीन्स में भी पाया जाता है। भारी मांग और अवैध व्यापार के कारण यह वृद्ध प्रजाति अत्यधिक संकटग्रस्त मानी गई है और इसे 'इंटरनेशनल यूनियन आफ कंजरवेशन आफ नेचर'-आईयूसीएन की लाल सूची में स्थान मिला है। भारत में अगर के 15 करोड़ वृक्ष हैं और राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन तथा संरक्षण के लिए मंच प्रदान करने के कारण यह त्रिपुरा में निजी जमीनों पर भी उगाया जा रहा है।

अब अन्य राज्यों के किसान भी त्रिपुरा तथा पूर्वोत्तर राज्यों से इसके पौधे ले जाकर उपयुक्त स्थानों पर उगा रहे हैं। मैंने अगर वृक्षों की आर्थिक और परिस्थितिकीय संभावनाओं के अध्ययन के लिए त्रिपुरा की यात्रा की। पिछले दस साल में त्रिपुरा में अगर वृक्षों के प्रबंधन का ढांचा मजबूत हुआ है और उत्तरी त्रिपुरा का धर्मनगर क्षेत्र अब अगर वृक्षों की पूर्ण संभावना तथा मूल्य संवर्धन प्राप्त करने का केन्द्र बन गया है। पहले वन विभाग डिस्टिलेशन इकाइयों पर छापा मार कर उनको नष्ट कर देता था, पर अब उनको यथासंभव प्रोत्साहन दिया जा रहा है जिससे अगर प्लांटेशन को बहुत महत्व मिला है। अब किसान इसकी आर्थिक संभावनाओं को समझ गए हैं जिससे उनकी आय कई गुना बढ़ जाती है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार व खासकर मध्यपूर्व में अगर के तेल व उसकी लकड़ी की भारी मांग के कारण इसे बड़े स्तर पर बढ़ावा मिल रहा है। अगर लकड़ी के बाजार पर पहले असम के एक परिवार का एकाधिकार था जिसका कारण त्रिपुरा और असम में पेड़ों की अवैध कटान था, पर अब सरकार ने किसानों और व्यापारियों के सहयोग से इसे बड़े नीतिगत कदम के रूप में बढ़ावा दिया है। त्रिपुरा न केवल देश में अगर के संरक्षण, बल्कि उसमें खोजी मूल्य संवर्धन के दृष्टिकोण से पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है। पिछले सात साल में राज्य सरकार और वन विभाग के नीतिगत समर्थन से अगर का प्रसार हुआ है। मार्केटिंग तथा मूल्य संवर्धन के कारण जल्द ही इसका संरक्षण आसान हो जाएगा, यह घर-घर पहुंच जाएगा तथा किसानों की इससे भारी आमदनी होगी।

अगर पेड़ों की अर्थव्यवस्था तथा भारत सरकार और राज्यों की सरकारों द्वारा उसके विस्तार के कदमों पर गौर करें तो अनेक चीजें स्पष्ट होती हैं। प्रत्येक अगर पेड़ पर लगभग सात साल की आयु के बाद फ्यूसेरियम, लैसियोडिप्लोडिया, पेनीसीलियम तथा एस्परजिलस जैसे फफूंदों का आक्रमण होता है। इससे अगले 5 से 6 साल तक गोंद प्राप्त किया जाता है। गोंद प्राप्त करने के लिए पेड़ को काट कर उसका डिस्टिलेशन किया जाता है।

आईएफएस अधिकारी तथा त्रिपुरा में अगर परियोजना के प्रमुख प्रवीण अग्रवाल के अनुसार इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 20,000 रुपये का 20 से 25 मिली. तेल तथा 80,000 रुपये की लकड़ी की चिप्पियां मिलती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक लीटर अगर के तेल की कीमत लगभग 10 लाख रुपये तथा लकड़ी की चिप्पियों की कीमत एक लाख

> उपयुक्त संरचनात्मक ढांचे तथा सहायक नियामक नीतिगत ढांचे से भारत में अगर बिजनेस अगले दस से बारह साल में 15 हजार से बीस हजार करोड़ तक पहुंच सकता है। मैंने भारत सरकार में अगरवुड एंड रेड सैंडर्स बोर्ड गठित करने का सुझाव दिया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन दो प्रजातियों को प्रोत्साहित करेगा।

रुपये प्रति किलो है। किसान को एक हेक्टर में लगे लगभग 500 पेड़ों से प्रति वर्ष 16-20 लाख की आमदनी हो सकती है जो पंद्रह साल में 2 करोड़ होती है। इसलिए अगर एक 'गोल्डेन ग्रीन ट्री' तथा प्रकृति का आश्चर्यजनक उपहार है। भारत में इसे बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने तथा नीतिगत प्रोत्साहन की जरूरत है। इससे किसान बड़े पैमाने पर इसकी खेती को प्रेरित होंगे। त्रिपुरा सरकार ने सुगंध उद्योग में इसके विविधीकरण को प्रोत्साहित किया है जिनको अगर के गोंद से तैयार किया जाता है।

मध्यपूर्व के देशों में अगर तेल का सीधे उपयोग किया जाता है, पर सुगंध और अगरबत्ती उत्पादन के लिए कुछ मूल्य संवर्धन के माध्यम से त्रिपुरा में प्रयास हुए हैं जिससे सुगंध की गुणवत्ता बहुत बढ़ जाती है। एक और प्रयोग के रूप में वन विभाग ने सार्वजनिक-निजी साझेदारी के रूप में एक परियोजना शुरू की है जिसका उद्देश्य अगरतला के निकट रसायनों के माध्यम से अगर प्लांटेशन को 'इनोकुलेट' करना है जिसमें नौ सप्लायर फर्में भाग ले रही हैं। इसके शुरुआती परिणाम उत्साहवर्धक हैं। धार्मिक उद्देश्य से चिप्पियों को खुशबू के लिए जलाने के लिए बौद्धों व अन्य धार्मिक समूहों को बेच दिया जाता है।

त्रिपरा की यात्रा के दौरान अगरतला में महाकाल ज्योर्तिलिंग उज्जैन मंदिर के वरिष्ठ पुजारी से हुई। वे वन विभाग के सहयोग से किसानों को अगर वृक्ष उगाने के लिए 5 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं ताकि उज्जैन के महाकाल मंदिर में प्रयोग के लिए अगर का पाउडर प्राप्त हो सके। बड़ौदा के शाही परिवार ने उनको इस निवेश के लिए फाइनेंस किया है। ऐसे में सवाल है कि राष्ट्रीय स्तर पर किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्या किया जाना चाहिए। अगर का वृक्ष 'कन्वेंशन आन इंटरनेशनल ट्रेड आन इंडैजर्ड स्पीसीज़'-साइट्स के अंतर्गत आता है। इसलिए अगर उत्पादों की बिक्री और निर्यात पर अंतराष्ट्रीय प्रोटोकाल लागू होते हैं। हाल ही में भारत सरकार ने राज्यों के लिए कोटा निर्धारित करने के साथ उसमें वृद्धि भी की है। लेकिन अगर वृद्ध को हर परिवार का पेड़ बनाने के लिए सरकार को बहुत कुछ करना होगा। एक व्यापारी ने बताया कि भारत की तुलना में लाओस सरकार कुछ ही दिनों में अगर व्यापार की अनुमति दे देती है और उसकी नीतियां ज्यादा किसान-हितैषी हैं।

भारत में अब भी हर चरण पर नौकरशाही प्रक्रियाओं के कारण काफी कागजी खानापूरी करनी होती है जिससे किसान और उद्यमी हतोत्साहित होते हैं। इसे दूर करने के साथ ही सरकार को देश के उपयुक्त कृषि-पर्यावरणीय क्षेत्रों में अगर पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के प्रयास करने चाहिए। इसके लिए उसे ग्राहक-हितैषी बिजनेस परिवेश बनाना चाहिए। लाओस की तरह डीएफओ कार्यालय को आनलाइन अनुमति देनी चाहिए। इसके साथ ही भारत सरकार तथा साइट्स कार्यालय को भी आनलाइन अनुमति के लिए संपर्क किया जाना चाहिए।

उपयुक्त संरचनात्मक ढांचे तथा सहायक नियामक नीतिगत ढांचे से भारत में अगर बिजनेस अगले दस से बारह साल के अंतराल में 15,000 से 20,000 करोड़ तक पहुंच सकता है। मैंने स्वयं भारत सरकार में अगरवुड एंड रेड सैंडर्स बोर्ड गठित करने का सुझाव दिया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन दो प्रजातियों को प्रोत्साहित करेगा। इससे किसानों की आय दोगुनी होने में सहायता मिलेगी जिसकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीसीसीएफ बैठक में की है।

इन परिस्थितियों को देखते हुए समय आ गया है कि केन्द्र और राज्य सरकारें परस्पर विचार-विमर्श कर ऐसी नीतियां बनाएं जिनसे अगरवुड व रेड सैंडर्स के लिए राष्ट्रीय बोर्ड का गठन संभव हो। इसे वाणिज्य मंत्रालय के आधीन रखा जाना चाहिए।

# महाकुंभ पर एक कश्मीरी युवक के विचार

> इस अनुभव ने मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे आस्था और एकता की शक्ति में मेरा विश्वास और मजबूत हुआ। महाकुंभ मेले में बिताया गया मेरा समय जीवन बदलने वाला अनुभव था।

**जहनज़ीब अलाकाबंद**
(लेखक, एक एक्टिविस्ट हैं)



एक कश्मीरी मुस्लिम के रूप में, मैंने महाकुंभ मेले के बारे में सुना था, लेकिन कभी इसका अनुभव करने की कल्पना नहीं की थी। 2025 में, मेरे मित्र युवराज श्रीवास्तव ने मुझे प्रयागराज में इस कार्यक्रम को देखने के लिए आमंत्रित किया, और जो दो दिवसीय यात्रा थी, वह एक अविस्मरणीय सप्ताह में बदल गई। सभा की आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता ने मुझे गहराई से प्रभावित किया, और मैं वापस नहीं जाना चाहता था।

हालांकि पिछली प्रतिबद्धताओं ने मुझे घर लौटने के लिए मजबूर किया। कुंभ मेला प्राचीन अनुष्ठानों और आधुनिक तकनीक का एक अनूठा मिश्रण था। इस आयोजन ने लाखों तीर्थयात्रियों को आकर्षित किया और एक दुर्लभ ब्रह्मांडीय संरेखण के कारण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था। यह केवल एक धार्मिक आयोजन से अधिक था; यह सभी संस्कृतियों के लिए सीखने, जुड़ने और सम्मान का अनुभव था। मैं परंपरा और नवाचार के सहज संयोजन से प्रभावित हुआ, जैसे भीड़ को प्रबंधित करने और स्थिरता के प्रयासों के लिए एआई का उपयोग किया जाना।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास प्रभावशाली थे। सफाई, सुरक्षा और आतिथ्य शीर्ष पायदान पर थे। मैं तीर्थयात्रियों के लिए एक अस्थायी शहर के निर्माण से विशेष रूप से प्रभावित हुआ, जिसमें 150,000 टेंट, चिकित्सा शिविर और मुफ्त स्वास्थ्य सेवा थी। जब मैं बीमार पड़ा, तो मुझे बिना किसी शुल्क के तुरंत उपचार मिला।



विद्या कुंभ परियोजना एक उल्लेखनीय पहल थी, जिसके तहत 15,000 सफाई कर्मचारियों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की गई। इससे प्रशासन की इस आयोजन और कर्मचारियों के परिवारों की भलाई के प्रति प्रतिबद्धता का पता चलता है। एक कश्मीरी मुस्लिम के रूप में, तीर्थयात्रियों ने मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया और एकता और भाईचारे की भावना स्पष्ट थी।

इस अनुभव ने मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे आस्था और एकता की शक्ति में मेरा विश्वास और मजबूत हुआ। महाकुंभ मेले में बिताया गया मेरा समय जीवन बदलने वाला अनुभव था। एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में, मैं अपने समुदाय के भीतर आध्यात्मिकता, एकता और मानवता की सेवा के पाठों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस आयोजन की सफलता प्रभावी लोक प्रशासन का एक मॉडल है, जो दिखाता है कि कैसे बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजन प्रगति को अपनाते हुए परंपरा का सम्मान कर सकते हैं।

वास्तव में, महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम नहीं है; यह एकता, समावेशिता और आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक है। हर बारह साल में एक बार आयोजित होने वाले इस भव्य आयोजन में जाति, पंथ, राष्ट्रीयता और सामाजिक स्थिति की बाधाओं को पार करते हुए दुनिया भर से लाखों लोग आते हैं। तपस्वियों और आध्यात्मिक साधकों से लेकर विद्वानों, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों तक, हर कोई दिव्य आशीर्वाद, ज्ञान और आत्म-खोज की खोज में एक साथ आता है। अपने मूल में, महाकुंभ वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत का प्रतीक है- दुनिया एक परिवार है। यह एक ऐसा वातावरण विकसित करता है जहाँ विविध पृष्ठभूमि के लोग सद्भाव में सह-अस्तित्व में रहते हैं, प्रार्थना, ज्ञान और अनुभव साझा करते हैं।

पवित्र नदियां परंपराओं का मिश्रण बन जाती हैं, जहाँ आस्था मतभेदों से परे मानवता को एकजुट करती है। यह एक ऐसा स्थान है जहां अमीर और गरीब, विद्वान और अनपढ़, भक्ति और आत्मनिरीक्षण में डूबे हुए एक साथ खड़े होते हैं। अपने आध्यात्मिक महत्व से परे, महाकुंभ महाकुंभ सभी के लिए है - यह समावेशिता, आस्था और एकजुटता की असीम भावना का एक स्थायी प्रमाण है जो मानवता को परिभाषित करता है।

## आप की बात

### बिलकुल सही बयान

**दुनिया** के राजनीतिक मंच पर विचारधाराओं की लड़ाई हमेशा से रही है, लेकिन जब निष्पक्षता की दुहाई देने वाले स्वयं पक्षपात का शिकार हो जाएं, तो सवाल उठना लाज़मी है। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने हाल ही में इसी विडंबना पर करारा प्रहार किया। उनका कहना बिल्कुल सटीक है— जब मैं, ट्रंप और मोदी मिलकर बात करते हैं, तो इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है, लेकिन जब वामपंथी नेता एकजुट होते हैं, तो उसे प्रगति का प्रतीक मान लिया जाता है। यह बयान सिर्फ एक विचार नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति की कटु सच्चाई को बेनकाब करता है। यह दोहरा मापदंड क्यों? क्या लोकतंत्र का अर्थ सिर्फ एक विचारधारा की स्वीकृति है? क्या दूसरी विचारधारा के नेताओं को संवाद और सहयोग का अधिकार नहीं? अगर लोकतंत्र सबका है, तो फिर इस भेदभाव की दीवार क्यों? आज के समय में, जब दुनिया बहुध्रुवीय हो रही है, तब यह आवश्यक है कि सभी विचारों को बराबरी से सुना जाए। मोदी, ट्रंप और मेलोनी जैसे नेता अपने-अपने राष्ट्रों के जनादेश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके संवाद और सहयोग को लोकतंत्र के लिए खतरा बताने वाले वही लोग हैं, जो अपनी विचारधारा के लोगों के गठजोड़ पर तालियां बजाते हैं। यह समय है कि हम इस पाखंड को पहचाने। लोकतंत्र सिर्फ एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए है।

– **आरके जैन**, बड़वानी, मप्र

### थरूर ने सही कहा!

**कांग्रेस** ने पार्टी लाइन के विरूद्व माने गए बयानों के कारण अपने वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को पार्टी से किनारे कर दिया है। ऐसा थरूर खुद समझ रहे हैं। क्योंकि उन्होंने राष्ट्रहित में मोदी-ट्रम्प की बातचीत की तारीफ़ की। दूसरे उन्होंने केरल सरकार की नीतियों को भी सराहा, जबकि कांग्रेस ने दोनों ही मामलों में आलोचनात्म रुख अपनाया। पार्टी में तवज्जो नहीं मिलने पर शशि थरूर ने मेरे पास दूसरा विकल्प भी है, कहकर पार्टी को इशारा किया. उन्होंने एक उद्धरण भी कोट किया कि जहां लोगों को अज्ञानता में खुशी मिलती है वहां बुद्धिमानी दिखाना मूर्खता है। उनकी बात सही है। यूं भले ही मंच पर राजनीतिक पार्टियां अभिव्यक्ति की आजादी की बात करती हैं परन्तु जब कोई सदस्य खुलकर बोलना चाहता है तो या तो उसे पार्टी से किनारे कर दिया जाता है या फिर पार्टी उसके बोलों से किनारा कर लेती है. सही मायने में देखा जाए तो विपक्ष का काम केवल सत्ता के कामों की आलोचना ही करना नहीं होता है बल्कि देशहित में उसके अच्छे कामों की सराहना करना भी उसका फर्ज होता है। 1971 में बांग्ला देश पर विजय पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को विपक्ष के नेता अटल जी ने दुर्गा कहकर उनकी सराहना की थी। अगर शशि थरूर ने पीएम मोदी और केरल सरकार द्वारा राष्ट्रहित/जनहित किये कामों को सराहा तो कुछ गलत नहीं किया।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### सराहनीय पहल

**छतरपुर** के बागेश्वर धाम में देश के प्रधानमंत्री के द्वारा हाल ही में कैंसर हॉस्पिटल की नींव रखी गई है जिसको बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के द्वारा बनवाया जा रहा है। यह निश्चित रूप से एक सराहनीय जनहितकारी कार्य है। देखा जाए तो बुंदेलखंड की धरती पर जहां भूख और गरीबी है, यहां पर कैंसर अस्पताल का निर्माण क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धि एक बड़ी बात है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ के सफल आयोजन का जिक्र करते हुए भारत की समृद्ध सभ्यता, संस्कृति ,वेद, उपनिषद और ज्ञान पर जनता से साथ संवाद किया और विज्ञान के महत्व को भी समझाया है। धार्मिक गुरुओं के एवं धार्मिक संस्थाओं के द्वारा जनता के लिए गुरुकुल, आध्यात्मिक केंद्र और शिक्षा मंदिर का निर्माण कराया जाता रहा है। भारत की इसी समृद्ध परंपरा को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री अब आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समय के साथ चलते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने परिपक्वता और गंभीरता के साथ ज्ञान एवं भक्ति प्रवचनों से आगे बढ़कर जन कल्याणकारी एवं रचनात्मक योगदान देने का बीड़ा उठाया लिया है, जिसके लिए बधाई के पात्र हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### मानकविहीन औषधि तंत्र

**अमानक** औषधि तंत्र लोगों के लिए जानलेवा है। अब तक कई बार दवाओं की टेस्टिंग में दवाएं फेल हुई है मगर आनन-फानन की कार्रवाई से नतीजे स्थायी नहीं रहें हैं। हाल ही में औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा दवाओं की टेस्टिंग की गई, जिसके रिपोर्ट चौंकाने वाले सामने आए हैं। सामान्य रूप से निर्धारित स्टेरॉयड और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं सहित करीब 84 दवाओं की गुणवत्ता मानक स्तर में फेल रही है।हर महीने बाजार में बेची जा रही गैर-मानक गुणवत्ता वाली दवाओं की टेस्टिंग करने वाली एजेंसी सीडीएससीओ ने इस बारे में अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में कांगो बुखार की दस्तक, महिला की मौत के बाद जारी दिसंबर 2024 के अपने नवीनतम आंकड़ों के अनुसार उन्होंने विभिन्न फर्मों द्वारा निर्मित दवाओं के 84 बैचों को गैर-मानक गुणवत्ता वाली पाई गई। इसमें एसिडिटी, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और जीवाणु संक्रमण जैसी सामान्य स्थितियों के लिए निर्धारित कुछ दवाएं शामिल हैं। इन हालातों में लोगों को चाहिए कि वें जांच परख करके ही दवाओं का सेवन करें।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता में केरला ने कोलकाता को 00 के मुकाबले 04 गोल से पराजित किया





पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व आयरन ओर कॉम्प्लेक्स के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वर्ण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल स्टेडियम राजहरा में दो लीग मैच खेले गए जहां पहले मैच में यूनाइटेड फुटबॉल क्लब केरला विरूद्ध बी.एन.आर. कोलकाता के मध्य खेला गया। इस मैच में केरला की टीम आक्रमक खेल एंव तेज तर्रार खेल का प्रदर्शन करते हुए कोलकाता को 00 के मुकाबले 04 गोल से पराजित किया। वहीं कस्टम चेन्नई की टीम ने दूसरे लीग मैच में रब्बानी फुटबॉल क्लब नागपुर को 02 के मुकाबले 04 गोल से पराजित किया टूर्नामेंट के छठवें रोज (पूल बी) के अंतर्गत दो लीग मैच खेले जाएंगे। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 27 फरवरी एवं ग्रैंड फाइनल मैच 28 फरवरी को खेला जाएगा विजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा रुपए डेढ़ लाख का नगद पुरस्कार एवं उपविजेता टीम को एक लाख का नगद पुरस्कार सहित ट्रॉफी एवं अन्य व्यक्तिगत आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राजहरा माइंस स्टेडियम में 24 फरवरी को खेले गये पहले लीग मैच में केरला की टीम ने शानदार शुरुआत करते हुए खेल के 12 वें मिनट में जर्सी नं.05 क्रेज ने पहला गोल किया दुसरा गोल खेल के 39 वें मिनट में जर्सी नं.04 मुंज ने तथा खेल के 42 वें मिनट में जर्सी नं.08 एडील्सन ने तीसरा गोल कर मध्यांतर तक केरला की टीम को 00 के मुकाबले 03 गोल से आगे रखा। मध्यांतर के बाद भी केरला के खिलाड़ियों का जलवा बरकरार रहा और खेल के 64 वें मिनट में जर्सी नं.05 क्रेज ने अपनी टीम के लिए चौथा गोल कर अजेय बढ़त ले लिया। कोलकाता टीम पूरे मैच के दौरान ज्यादा कुछ उलटफेर नहीं कर सके। केरला के खिलाड़ी खेल में पूरी तरह हावी रहे अंततः केरला ने मैच 04 गोल के अंतर से जीत ली पराजित कोलकाता की टीम कोई भी गोल नहीं किया। वहीं दूसरे लीग मैच कस्टम चैन्नई एंव नागपुर के बीच के खेला गया जहां नागपुर के खिलाड़ियों ने शुरुआत में बढ़िया तालमेल एंव सुझबुझ से खेलते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया और खेल के 27 वें मिनट में जर्सी नं.02 मोहम्मद हज़रत ने पहला गोल किया इसके कुछ समय बाद चैन्नई के खिलाड़ियों ने काउंटर अटैक करते हुए खेल के 40 वें मिनट में जर्सी नं 02 विक्की ने पहला गोल मैच एक-एक की? बराबरी पर ला दिया। वहीं चैन्नई की टीम विपक्षी दल पर हमला करते हुए खेल के 45 वें मिनट में जर्सी नं.13 उमा ने अपनी टीम के लिए दूसरा गोल कर मध्यांतर तक 01 के मुकाबले 02 गोल से बढ़त दिलाई। मध्यांतर के पश्चात खेल के 65 वें मिनट में जर्सी नं 08 पैंडी ने चैन्नई के लिए तीसरा गोल किया लेकिन नागपुर की टीम ने काउंटर अटैक करते हुए चैन्नई पर रक्षापंक्ति को भेदते हुए हमला बोला खेल के 88 वें मिनट में जर्सी नं 18 मोहम्मद अकमल ने नागपुर के लिए दूसरा गोल कर गोल के अंतर को कम किया। इसके तुरंत बाद चैन्नई फिर से जबरदस्त मूवमेंट बनाते हुए खेल के आखिरी मिनट में जर्सी नं 02 विक्की ने चौथा गोल कर चैन्नई को 02 के मुकाबले 04 गोलसे जीत दिलाई।

# बोर्ड परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री सभी परीक्षा केन्द्रों को वितरण किया गया

## गोपनीय सामग्री को संबंधित थानों में जमा करने के निर्देश दिए गए



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 1मार्च से 28 मार्च 2025 तक आयोजित होने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री का जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कमल कपूर बंजारे की उपस्थिति में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा से सभी 77 केंद्राध्यक्षों को वितरण कर दिया गया। गोपनीय सामग्री सील बंद पेटियों में पुलिस अभिरक्षा के साथ बसों के माध्यम से संबंधित थानों में जमा करने रवाना की गई। सभी परीक्षा केन्द्रों की सील बंद पेटी संबंधित थानों में रख दी गई है। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाएं प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की जाएगी। इस वर्ष बेमेतरा जिला में शिक्षा विभाग के द्वारा 77 परीक्षा केन्द्रों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 13955 परीक्षार्थी तथा इसी तरह कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा में 8572 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। गोपनीय सामाग्री वितरण के समय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे, परीक्षा के लिए जिला परीक्षा नोडल अधिकारी बनाये गए एसपी कोशले, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य संत राम साहू, चित्ररेखा ठाकुर, सत्येंद्र सिंह राजपूत, मनोज कुमार बख्शी, गिरिजा शंकर शर्मा एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से प्रतिनिधि के रूप में आए अंशुमन कसेर वितरण अधिकारी के रूप में उपस्थित थे। सुव्यवस्थित एवं समय अनुसार वितरण में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा से चेतन बंजारे परीक्षा कक्ष प्रभारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा पूर्व में सभी 77 केंद्राध्यक्षों की एक अति आवश्यक बैठक ली ली गई है जिसमें सभी परीक्षा केन्द्रों में सफलता पूर्वक और सुव्यवस्थित परीक्षा के संचालन के संबंध में विस्तृत रूप से आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था, सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

# विजय रैली में शामिल हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ग्राम पंचायत बैजलपुर में जनपद क्षेत्र क्रमांक 21 से कौशिल होमलाल साहू जनपद सदस्य के विजय होने पर निकाले गए विजय रैली में शामिल हुए पूर्व विधायक ने आम जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ चुना है उनका विश्वास कायम रखना कांग्रेस की जिम्मेदारी है पूर्व विधायक ने आम जनता को विश्वास दिलाया कि उन्होंने जिस विश्वास के साथ जनहित के लिए जो भी करना पड़ेगा वह सभी कदम उठाएंगे जनपद क्षेत्र की जनता ने यह बता दिया कि जनपद क्षेत्र का विकास किया था और इस विकास के बदले में जनता ने नवनिर्वाचित जनपद सदस्य को जिम्मेदारी सौंपा है जो इस बात को दर्शाता है कि जनता का विश्वास कांग्रेस के साथ है इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा शशि प्रभा गायकवाड जिला पंचायत सदस्य मनोज शर्मा बोधन साहू धनंजय साहू लक्ष्मण डेहरे सरपंच ग्राम पंचायत फरी पंचगढ़ सहित भारी संख्या में ग्रामवाशी उपस्थित रहे।

# बेमेतरा जेल में कैदियों ने गंगाजल से किया स्नान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने जेलों में बंद कैदियों के नैतिक उत्थान और आध्यात्मिक शुद्धि के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की है। इस पहल के तहत बेमेतरा जेल के कैदियों को प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र गंगाजल से स्नान कराया गया। सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य कैदियों को आध्यात्मिक लाभ पहुंचाना और उन्हें आत्मशुद्धि का अनुभव कराना है। मंगलवार को महाशिवरात्रि से एक दिन पहले, बेमेतरा जेल में विशेष रूप से प्रयागराज से मंगवाए गए गंगाजल को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जल टैंक में डाला गया। इसके बाद सभी बंदियों ने जय गंगा मैया के जयघोष के साथ पवित्र स्नान किया। इस दौरान कैदियों के चेहरे पर खुशी और आत्मिक सुकून झलक रहा था।



### सरकार की पहल की सराहना

कैदियों के आत्मिक कल्याण के लिए उठाए गए इस कदम को समाज में सकारात्मक दृष्टि से देखा जा रहा है। इस अनूठी पहल से कैदियों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाने और उनमें नैतिक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है।

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशन में प्रदेश की विभिन्न जेलों में कैदियों के लिए गंगा स्नान की यह विशेष व्यवस्था की गई है। प्रयागराज महाकुंभ से लाए गए पवित्र जल से कैदियों को स्नान कराकर उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता प्रदान करने की इस पहल की सभी ओर सराहना हो रही है। बेमेतरा जेल के सहायक जेल अधीक्षक डी.सी. ध्रुव के अनुसार, इस आयोजन में कुल 148 बंदियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ गंगाजल से स्नान किया।

### महाकुंभ का महत्व और इसकी ऐतिहासिक विशेषता

भारत में हर 12 वर्ष में चार प्रमुख स्थानों–प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में महाकुंभ का आयोजन होता है। इनमें से प्रयागराज महाकुंभ को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि यह गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर स्थित है। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का 12वां चक्र पूरा हुआ है, जो 144 वर्षों में एक बार आता है। इस कारण इसकी आध्यात्मिक महत्ता और अधिक बढ़ गई है। समाचारों के अनुसार, अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, और यह संख्या निरंतर बढ़ रही है। महाकुंभ में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति का विश्वास किया जाता है, और इसी भावना से बेमेतरा जेल के कैदियों ने भी इस पवित्र स्नान का लाभ उठाया।

# दुर्ग ग्रामीण विधायक ने किया 10 लाख से बने भवन का लोकार्पण



गोडवाना समाज भवन में होगा बोर खनन

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

समाज के विकास के लिए मंत्रणा आवश्यक है। गोडवाना समाज छत्तीसगढ़ का प्रगतिशील समाज है। समाज के पास खुद का भवन होना गौरव की बात है। उक्त बाते उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण और विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने कही। उन्होंने रविवार को 10 लाख से हिंद नगर में बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि भवन की सार्थकता तब है जब हम वहां बैठ समाज को नई दिशा देने की चर्चा करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख कार्य कर रही है। जिसके पास भूमि नहीं है उन्हें 10 हजार के साथ-साथ सभी वर्ग के लिए महंगी चिकित्सा से निजात दिलाने आयुष्मान कार्ड की सुविधा दे रही है। इसी तरह गरीबों के लिए आवास सुविधा है। हर वर्ग की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत राशि दी जा रही है। विधायक चंद्राकर ने समाज के मांग पर अपने निधि से परिसर में जल्द बोर खनन कराने की घोषणा की। महापौर शशि सिन्हा ने गोडवाना समाज के सद्स्यों को एक धागा में पिरोकर रहने वाला समाज निरूपित किया। महापौर ने मंदिर प्रागण में भोले बाबा के प्राण प्रतिष्ठा किए जाने पर समाज को बधाई दी। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद चन्द्रभान ठाकुर, ईश्वरी साहू, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल, समाज के राष्ट्रीय प्रवक्त । विष्णू देव ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने शिकारी बाबा मंदिर में की पूजा अर्चना





पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू द्वारा 256 वार्ड क्रमांक 5 स्थित शिकारी बाबा मंदिर में पूजा अर्चना की गई। सुबह 10 बजे से आयोजित इस पूजा अर्चना के कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष, वार्ड के पूर्व पार्षद, भाजपा के नेता व कार्यकर्ता विशेष रूप से सम्मिलित होकर शिकारी बाबा से नगर की सुख समृद्धि व शांति के लिए कामना किए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि बहुत ही पावन भूमि पर पवित्र पर्व पर भगवान शिकारी बाबा की पूजा की जा रही है इस क्षेत्र में शिकारी बाबा मड़ई मेला का भी आयोजन किया गया है विगत 25 -30 वर्षो से हो रहे इस मड़ई मेला में इस क्षेत्र में निवासरत लोगों के घरों में उनके रिश्तेदार आसपास के ग्रामीण जन विशेष रूप से आकर इस मड़ई मेला के कार्यक्रम में सम्मिलित होते हैं। इस इस दिन रात्रि के दौरान क्षेत्र में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन होता है जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित होकर इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाते हैं। पौराणिक मान्यता प्राप्त इस मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुडडू, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पांडे, सुरेंद्र बेहरा,पूर्व पार्षद शंकर साहू, राकेश देवांगन, नवीन साहू, रमणि बाघ सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता ,वार्ड व क्षेत्र के निवासी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे।

# डिज़्नीलैंड किड्स वर्ल्ड स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार समारोह संपन्न

## डिज़्नीलैंड किड्स वर्ल्ड स्कूल का प्रथम वार्षिकोत्सव



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एवं पुरस्कार समारोह भव्य रूप से संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा विशेष रूप से समाज सेवी ताराचंद माहेश्वरी राजेश शर्मा नरेश साहू वैभव तिवारी वैभव तम्बोलि जी सुशील शर्मा भाग्यश्री पोल रानी मुमताज़ सहित बड़ी संख्या में पैरेंट्स उपस्थित रहे। ज़िला का पहला स्कूल जहां पालकों का सम्मान समारोह किया गया जिसमें सभी पालकों का सम्मान प्रस्तति पत्र देकर किया गया नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपना कला एवं प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। गत दिवस उल्लास, उमंग और बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों से भरा रहा छोटे-छोटे नन्हे कलाकारों ने अपने अद्भुत नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुतियों से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा को देखकर सभी अभिभावक एवं अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए। इस सफल आयोजन के लिए सभी शिक्षकों, दीपा तिवारी समेत विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी। सभी के परिश्रम और समर्पण से यह कार्यक्रम अविस्मरणीय बन गया।

# नवनिर्वाचित जनपद सदस्य प्रणव शर्मा के विजय आभार रैली मे सभी सात गांव के लोग हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

पाटन क्षेत्र के ग्राम घुघुवा (क) निवासी युवा समाजसेवी इंजीनियर प्रणव शर्मा ने जनपद पंचायत पाटन क्षेत्र क्रमांक 3 में जनपद पंचायत सदस्य के रूप में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में ग्राम करसा निवासी कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम तिवारी को हरा कर क्षेत्र का सबसे बड़ा ऐतिहासिक जीत दर्ज किया है। इज जीत से गदगद क्षेत्र के जनता, समाजसेवी प्रणव शर्मा के आभार एवं विजय रैली में बधाई एवं आशीर्वाद देने बड़ी संख्या में सम्मिलित हुई। सर्वप्रथम ग्राम करसा में स्थित भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर प्रणव शर्मा द्वारा पुष्प माल्यार्पण कर जन आशीर्वाद प्राप्त करने विजय आभार रैली का शुभारंभ किया गया, जिसमें समीपस्थ सभी गांव के निवासी ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओ की भारी संख्या में उपस्थिति रही, ग्राम करसा से प्रारंभ होकर बाइक एवं चार पहिया वाहन में सवार लोग बड़ी संख्या में विजय आभार रैली में क्रमशः ग्राम गभरा, अमेरी, करगा, रवेली, राखी होते हुए ग्राम घुघुवा (क) पहुंची। लोग घर-घर आरती की थाल सजाकर प्रणव शर्मा की आरती उतार कर बधाई एवं आशीर्वाद दिए। रैली में चुनाव प्रभारी राजकुमार बघेल, चुनाव संचालक प्रशांत शर्मा, सहयोगी रवि साहू, ग्राम करसा से कोमल साहू, दुर्वासा साहू, झम्मन साहू, प्रीतम साहू, वेदप्रकाश साहू, ग्राम घुघुवा से थानेश्वर साहू, प्रशांत शर्मा, मनोज साहू, चूड़ामणि साहू, राजकुमार साहू, किशन यादव, ईश्वरी सेन, ओगीराम साहू, मनोज कौशिक, गिरधारी साहू, संतोष साहू, विमल किशोर साहू, विद्यासागर निषाद, प्रशांत निषाद, ग्राम गभरा से मेहत्तर वर्मा, गणेश कुर्रे, गणेश निषाद, मयंक चंद्राकर, राजाराम निषाद, डोमन चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर, ग्राम अमेरी से मनीष कोशले, पूरन कोशले, भानू कोशले, विक्रांत कोशले, डॉ लक्ष्मण यादव, पुष्कर चंद्राकर, लोमस चंद्राकर, ओमकार नेताम, जामवंत यादव, रोशन वर्मा, विकास टंडन, करगा से उमेश आडील, अशोक कुमार वर्मा, जगतपाल आडील, राजकुमार साहू, ग्राम रवेली से टिकेंद्र वर्मा, ताराचंद वर्मा, भानू साहू, डकेंद्र साहू, टीकम साहू, ग्राम राखी से उत्तम बंजारे, वेदप्रकाश देवांगन, होरीलाल, आशीष शर्मा, सुमित खुटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर दल्लीराजहरा रेलवे इंस्टिट्यूट में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया






पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

25 फरवरी 2025 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ दल्लीराजहरा रेलवे इंस्टीट्यूट में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियां एवं जब किसी ऊपरी उपस्कर खंड में दोष पाये जाने पर नियंत्रकों, कर्षण शक्ति नियंत्रकों, स्टेशन मास्टरों और गाड़ी कर्मीदल द्वारा बरती जानेवाली विशेष एहतियात (स.नि.-19.09.01), स्पैड से बचाव के लिए सावधानियां एवं जब संचार व्यवस्था उपलब्ध हो तो ब्लॉक टिकट/टिकटों के प्राधिकार पर अवरोध या दुर्घटना के मामले में अवरुद्ध लाईन पर गाडियों के कार्य संचालन से संबंधित नियम और विनियम (स.नि.-6.02.05), ग्रीष्मकालीन सावधानियां एवं कार्य स्थल की सुरक्षा, रिले रूम को खोलने एवं उसमें कार्य करने के दौरान सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, प्राथमिक उपचार पेटी का प्रदर्शन एवं अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन। इस संरक्षा सेमिनार में प्रवीण कुमार, सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर तथा डॉक्टर सौरव मिश्रा, एडीएमओ/ दल्लीराजहरा के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारो ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 58 लोगों ने भाग लिया।

# भगवान की कथा भाग्य से मिलती है: आचार्य नंदकुमार शर्मा

## भगवान की भक्ति मे विश्वास और श्रद्धा का होना अति आवश्यक है

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



ग्राम जोता मे चल रही श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस कथा वाचक आचार्य पंडित नंदकुमार शर्मा निनवा वाले ने शिव सती चरित्र कथा का वर्णन किए। उन्होंने बताया कि भगवान शंकर अपनी पत्नी सती को साथ लेकर राम कथा सुनने के लिए अगस्त मुनि के आश्रम पर जाते है। भगवान भोलेनाथ एकाग्रचित होकर मन लगाकर भगवान की कथा सुनते है लेकिन माता सती का ध्यान कथा मे नही होने के कारण उन्हें भगवान राम के ऊपर शंका हो गई कि ये पारब्रह्म परमात्मा राम नहीं है केवल दशरथ पुत्र राम है। आचार्य ने कहा कि जो मनुष्य भगवान की कथा को ध्यान पूर्वक मन लगाकर नहीं सुनता है उसे भगवान और उनकी लीलाओं मे संदेह अवश्य होता है जिनका परिणाम बड़ा ही गंभीर हो जाता है। माता सती ने शंका किए जिसके कारण आगे चलकर अपने पिता राजा दक्ष के यज्ञ मे हवन कुंड मे अपने शरीर जलाकर प्राणांत कर ली। आचार्य ने बताया कि भगवान की चरित्र कथा को पुस्तक से पढ़ने से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त हो सकता है लेकिन भक्ति नहीं मिलती। जब तक भगवान की कथा को मन लगाकर श्रवण नहीं करेंगे तब तक भक्ति नहीं मिलती और जब तक भक्ति नहीं आएगी तब तक किसी को भी भगवान मिलने वाला नहीं है। बिना भक्ति भगवान का सानिध्य प्राप्त नहीं होगा। भगवान को जिस भाव से देखोगे, वो वैसे ही नजर आएंगे। भावपूर्ण भक्ति करने वाले भक्तों पर वे हमेशा कृपा करते हैं। आचार्य ने जालंधर वध की काठ सुनाते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ के पसीने से ही जालंधर का जन्म होता है जिनकी पत्नी का नाम बृंदावती है, बृंदावती के सतीत्व के कारण जालंधर को कोई नहीं मार सकता था लेकिन एक बार भगवान नारायण ने जालंधर कर रूप बनाकर बृंदावती के सतीत्व का नष्ट किए उसी समय भगवान शंकर ने जालंधर का वध किया और संसार को उनके अत्याचार से मुक्त किए। आगे पार्वती जन्म और शिव पार्वती विवाह प्रसंग की व्याख्या किए। आचार्य ने कहा कि माता पार्वती भगवान शंकर को पति रूप मे प्राप्त करने के लिए कई वर्षो तक तपस्या की जिनसे भगवान शंकर प्रसन्न हुए और उन्हें पत्नी रूप मे स्वीकर करने का आशिर्वाद दिया। आचार्य शर्मा ने कहा कि भगवान शंकर विश्वास का प्रतीक है और पार्वती जी श्रद्धा का प्रतीक है। तात्पर्य यही है भगवान की भक्ति और पूजा मे श्रद्धा और विश्वास का होना अति आवश्यक है। भगवान शंकर और पार्वती विवाह प्रसंग मे सुन्दर झांकी प्रस्तुत की गई जिसे देखकर सभी श्रद्धालू गण रोमांचित और आनंदित हो उठे, शिव पुराण की कथा सुनने श्रोताओ की अपार भीड़ बड़ती जा रहीं है।

# मशीन इंस्टालेशन के दौरान हुए हादसे में मजदूर की मौत

## सुरखी के चना फिल्टर मिल में हादसा, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



सुरखी मे राज पंजवानी के चना फिल्टर मिल में नई मशीनों के इंस्टालेशन के दौरान सोमवार को भारी और वजनी चीज गिरने से वहां काम कर रहे एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर ग्राम सुरखी का निवासी रवि ध्रुव बताया गया है। मृतक को नाबालिग बताया जा रहा था किन्तु दस्तावेजों के आधार पर उसे 18 साल से ऊपर बालिग बताया जा रहा है। आगे जांच के उपरांत ही इसकी पुष्टि होगी। पुलिस के अनुसार मृतक रवि का मिल मे काम का पहला दिन था और उसके साथ यह हादसा हो गया। घटना की जानकारी ग्रामीणजनों व परिजनों को मिलने के बाद सभी आक्रोशित मिल के पास पहुंचे और मुआवजे की मांग करने लगे। घटना के बाद मौके पर पहुंची ग्रामीण थाना पुलिस ने दोनो पक्षो से चर्चा कर मुवावजे के आश्वासन के बाद आक्रोशित ग्रामीणों को शांत कराया। ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट ने बताया मिल मे हुई दुर्घटना की जांच हर पहलू पर की जा रही है। केंवट ने बताया राज पंजवानी के चना फिल्टर मिल मे नई मशीनो का इंस्टालेशन (स्थापित, लगाये जाने) का काम कराया जा रहा था। मशीनो को स्थापित करने के दौरान जिन चीजों का ध्यान रखा जाना था उसे रखा गया की नही इसकी जांच की जा रही कि मशीनों को लगाये जाने के दौरान वहां काम कर लोग प्रशिक्षित थे या नही इसके लिए मिल सेफ्टी आफिसर को सिलसिलेवार जानकारी दी गई है उनके द्वारा जांच द्वारा जांच किये जाने के बाद मामला स्पष्ट हो पायेगा टी.आई. लखेश केंवट ने बताया घटना के संबंध मे मिल मालिक से जब पूछताछ की गई तो उसने बताया मिल के मशीनो का इंस्टालेशन ठेके पर करवा रहा है। फिलहाल मामले की सघन पडताल की जा रही है उसके पश्चात ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# एनएमडीसी सेवानिवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

## 75 बसंत पार कर चुके रिटायर्ड इम्प्लाइज हुए सम्मानित, सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मियों की धर्म पत्नियां भी हुई सम्मानित

पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com




एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों की संस्था एनएमडीसी सेवानिवृत्त इम्प्लाइज कल्याण समिति किरंदुल ने प्रति वर्षो की ही भांति इस वर्ष भी एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मंगल भवन में एनएमडीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण समिति ने वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समिति के द्वारा एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से सेवानिवृत्त होकर अपने जीवन के 75 साल पूर्ण कर चुके वरिष्ठ सदस्यों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही समारोह उस समय काफी भावुक हो गया जब एनएमडीसी किरंदुल परियोजना से सेवानिवृत्त होकर देवलोक को जा चुके पूर्व वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की धर्म पत्नियों को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया ।सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वार्षिक मिलन समारोह को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की श्रमिक संघ इंटक के सचिव ए के सिंह, एनएमडीसी बचेली परियोजना के श्रमिक संघ इंटक के सचिव आशीष यादव ने भी संबोधित किया। इस दौरान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के सहायक महाप्रबंधक शैलेंद्र सोनी, सिविल विभाग के प्रमुख टी एस रामनाथ के साथ साथ एनएमडीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ के डी आर यादव, ज़फर अली, सुकराम कश्यप, एस के बारले विशेष रूप से मौजूद रहे। समारोह का मंच संचालन सेवानिवृत्त कर्मचारी रमेश देशमुख ने किया।

# हम तो राजीव भवन बनाने के एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे : सुशील शुक्ला

## एकात्म परिसर एक रू. में जमीन लेकर हर महिने करोड़ो किराया वसूल रही भाजपा, ईडी कब जांच करेगी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





भाजपा के इशारे पर केन्द्रीय एजेंसिया अपनी सीमाओं को लांघ रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में ईडी द्वारा सम्मन भेजा जाना बेहद आपत्ति जनक है। ईडी को जानकारी चाहिए कि कांग्रेस के जिला कार्यालय बनाने के लिये फंड कहाँ से आया, हम तो एक-एक पैसे का हिसाब दे देंगे। कांग्रेस ने 15 साल विपक्ष में रहने के दौरान अपने कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से राजीव भवन बनाया था। जन सहयोग से कांग्रेस भवन बनाना कांग्रेस की परंपरा रही है। रायपुर का ऐतिहासिक कांग्रेस भवन भी आजादी की लड़ाई के दौरान छेर-छेरा पुन्नी के त्योहार के दौरान मांगे गये दान से बनाया गया था, जहां से कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ा था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस अपने भवनों के बनाने के खर्च के एक-एक पैसे का हिसाब दे देगी। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रू. की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे? कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। उसकी लागत कहां से आई ईडी जांच करे। रायपुर में ही भाजपा के कार्यालय एकात्म परिसर की जमीन राजनैतिक दल के कार्यालय के लिये भाजपा ने 1 रू. में हासिल किया था। एकात्म परिसर को व्यवसायिक कांप्लेक्स में तब्दील कर दिया गया जहां से 1.5 करोड़ रूपया किराया भाजपा वसूलती है ईडी उसकी जांच करेगी? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस ने 500 करोड़ की लागत से दिल्ली में अपना दफ्तर बनाया है। इस रकम के स्रोत की ईडी जांच क्यों नहीं करती है? ईडी ने भाजपा के अनुषांगिक संगठन की भांति काम कर रही है। कांग्रेस कार्यालय की जांच हो सकती है तो भाजपा के कार्यालयो की जांच क्यों नहीं होना चाहिये।

# इंडियन कंज़्यूमर इनिशिएटिव और प्रमुख उपभोक्ता संगठनों ने सरकार को अपना प्रतिनिधित्व सौंपा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्यू इंडियन कंज़्यूमर इनिशिएटिव (एनआईसीआई) और प्रमुख उपभोक्ता संगठनों के गठबंधन ने भारत में ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाने के लिए सरकार को संयुक्त प्रतिनिधित्व सौंपा है। यह प्रतिनिधित्व उपभोक्ता मामले मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय, सेबी, विज्ञापन मानक परिषद और उपभोक्ता मामलों की संसदीय स्थायी समिति को दिया गया। प्रतिनिधित्व के अनुसार, ये प्लेटफॉर्म सिर्फ सट्टेबाजी की सेवाएं देते हैं और गलत विज्ञापनों के जरिए उपभोक्ताओं को गुमराह करते हैं। ये लोगों को अवैध और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के लिए उकसाते हैं, जिससे वे आर्थिक जोखिम और मानसिक पीड़ा का शिकार हो सकते हैं। इस प्रतिनिधित्व पर हस्ताक्षर करने वालों में रामजीभाई मावाणी (पूर्व सांसद, फाउंडर राजकोट जिला ग्राहक सुरक्षा मंडल) और प्रो. डॉ. दुरईसिंघम चेयरमैन उपभोक्ता अनुसंधान, शिक्षा, कार्रवाई, प्रशिक्षण और सशक्तिकरण (क्रिएट), शामिल हैं। उन्होंने इन सटटेबाजी प्लेटफॉर्म्स से होने वाले उपभोक्ता नुकसान के बारे में जानकारी दी, खासकर उन गलत विज्ञापनों के कारण जो इन ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स को निवेश प्लेटफॉर्म के रूप में दिखाते हैं। अभिषेक कुमार, कन्वीनर, एनआईसीआई, ने कहा, इस संयुक्त प्रतिनिधित्व के द्वारा हम सरकार से ओपिनियन ट्रेडिंग पर प्रतिबंध लगाने और ठोस कदम उठाने की मांग करते हैं। इसमें उपभोक्ताओं को नुकसान से बचाने के लिए अंतरिम निर्देश जारी करना, डिजिटल और सोशल मीडिया विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाना, ऐप स्टोर्स, क्लाउड सेवा प्रदाताओं और पेमेंट गेटवे को इन प्लेटफॉर्म्स को सपोर्ट करने से रोकना शामिल है।

# मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भारत के वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करने और एक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए एकीकृत इलेक्ट्रिकल उद्योग प्रदर्शनी का आह्वान किया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

इलेक्रामा 2025 के तीसरे दिन मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने मुख्य भाषण दिया और भारत के ऊर्जा रूपांतरण, नीतिगत दिशानिर्देश और तकनीकी प्रगति से जुड़ी महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए मंच तैयार किया। आईईईएमए के प्रेसिडेंट सुनील सिंघवी, इलेक्रामा के प्रेसेडिंट (इलेक्ट) एवं चेयरमैन विक्रम गंडोत्रा और आईईईएमए के वाइस प्रेसिडेंट एवं इलेक्रामा 2025 के वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ भूटोरिया जैसे दिग्गजों के साथ, पीयूष गोयल ने डॉमेस्टिक मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती देने, क्लीन एनर्जी अपनाने को प्रोत्साहन, नवाचार और सहयोग के जरिये भविष्य के लिए तैयार बिजली क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सस्टेनेबल एनर्जी सॉल्युशंस में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के विज़न पर जोर दिया और नीतिगत समर्थन, रणनीतिक उद्योग साझेदारी और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश के महत्व के बारे में बताया। मिनिस्टर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, भारत सरकार पीयूष गोयल ने भारत के इलेक्ट्रिकल उद्योग से एक एकीकृत विश्वस्तरीय प्रदर्शनी मंच (एक्सपोजिशन प्लेटफॉर्म) तैयार करने, भारत को इलेक्ट्रिकल और ऊर्जा समाधानों के लिए वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने का आग्रह किया। इलेक्रामा में बोलते हुए, उन्होंने इलेक्रामा और अन्य उद्योग केंद्रित प्रदर्शनियों सहित प्रमुख प्रदर्शनियों को एक शोकेस में विलय करने की जरूरत पर जोर दिया, जिससे भारत वैश्विक कंपनियों के लिए वन-स्टॉप शॉप बन सके। पीयूष गोयल ने कहा, भारत वैश्विक ऊर्जा रूपांतरण में सबसे आगे है और हमारा इलेक्ट्रिकल उद्योग इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कई अलग-अलग प्रदर्शनियों की मेजबानी करने के बजाय, हमें एक साथ मिलकर एक संयुक्त और बड़े स्तर का आयोजन करना चाहिए जो दुनिया के सामने हमारी पूरी क्षमताओं को प्रदर्शित करे। 1,500 से अधिक प्रदर्शकों, 100,000 से ज्यादा विजिटर्स और सबसे बड़े वैश्विक निवेशकों की भागीदारी वाली एक प्रदर्शनी की कल्पना कीजिए, यह भारत को वैश्विक इलेक्ट्रिकल उद्योग के केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित करेगा।

# भारती एयरटेल और एप्पल की रणनीतिक साझेदारीः एयरटेल वाई-फाई और पोस्टपेड ग्राहकों को मिलेगा एप्पल टीवी+ और एप्पल म्यूजिक का एक्सक्लूसिव ऑफर

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारती एयरटेल और एप्पल ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल ग्राहकों को एप्पल टीवी+ और एप्पल म्यूजिक की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ?999 से शुरू होने वाले सभी होम वाई-फाई प्लान्स के ग्राहकों को एप्पल टीवी+ के बेहतरीन कॉन्टेन्ट का एक्सेस मिलेगा, जिसे वे चलते-फिरते भी मल्टीपल डिवाइसेस पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ?999 या उससे अधिक के पोस्टपेड प्लान वाले ग्राहकों को एप्पल टीवी+ की सुविधा मिलेगी और वे 6 महीने तक फ्री एप्पल म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का विशाल संग्रह उपलब्ध होगा। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एयरटेल ग्राहक अब विशेष रूप से एप्पल टीवी+ के प्रीमियम और आकर्षक ड्रामा, कॉमेडी सीरीज़, फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्रीज़, बच्चों और परिवार के लिए मनोरंजक कॉन्टेन्ट का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही, एप्पल म्यूजिक की अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषाओं में मौजूद अद्वितीय म्यूजिक लाइब्रेरी, एक शानदार ऑडियो अनुभव प्रदान करेगी। सिद्धार्थ शर्मा चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और सीईओ कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, हम एप्पल के साथ इस बड़े बदलाव की शुरुआत करने वाली साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं, जिससे हमारे ग्राहकों को उनकी शानदार वीडियो और म्यूजिक सेवाओं का एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। यह साझेदारी हमारे लाखों होम वाई-फाई और पोस्टपेड ग्राहकों के लिए एक असाधारण मौक़ा है, जिससे उन्हें एप्पल के प्रीमियम कॉन्टेन्ट का अनुभव मिलेगा। हमें विश्वास है कि यह सहयोग कॉन्टेन्ट की दुनिया को नए अंदाज में सबके सामने लाएगा और ग्राहकों के लिए मनोरंजन अनुभवों का एक नया मानक स्थापित करेगा। शालिनी पोद्दार, निदेशक कॉन्टेन्ट और सेवाएं, एप्पल इंडिया ने कहा, हम एयरटेल के साथ साझेदारी करके उत्साहित हैं, जिससे हमारा बेहतरीन क्वालिटी वाला संगीत, प्रीमियम टीवी सीरीज़ और फिल्में लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचेंगी।

# पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने बनाया विशेष स्टॉल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर। दक्षिण एशिया के सबसे बड़े ट्रैवल एक्सपो (साउथ एशिया ट्रैवल एंड टूरिज्म एक्सपो) 2025 में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई है। आयोजित इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को प्रमोट करने के लिए एक विशेष स्टॉल लगाया गया, जिसने देशभर के टूर ऑपरेटर्स, निवेशकों और पर्यटकों का ध्यान आकर्षित किया। एक्सपो के दौरान छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने विभिन्न राज्यों से आए पर्यटन विभाग के अधिकारियों और टूर ऑपरेटर्स से मुलाकात की। आचार्य ने एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से चित्रकोट जलप्रपात, बारनवापारा अभयारण्य, बस्तर की गुफाएं, सिरपुर, मैनपाट सहित राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने छत्तीसगढ़ में पर्यटन विकास और निवेश के अवसरों पर भी प्रकाश डाला। विवेक आचार्य ने कहा, छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की पर्यटन नीतियां इसे एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में उभरने में मदद कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पर्यटकों और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने हेतु कई नई योजनाओं पर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का स्टॉल एक्सपो के आकर्षण का केंद्र बना रहा, जहां बड़ी संख्या में टूर एंड ट्रैवल एजेंसियों, उद्योग विशेषज्ञों और पर्यटन प्रेमियों ने भाग लिया। एक्सपो में छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों और संभावनाओं को लेकर उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली, जिससे यह साफ है कि राज्य जल्द ही देश के शीर्ष पर्यटन स्थलों में अपनी मजबूत पहचान बनाएगा। विभिन्न राज्यों के टूर ऑपरेटर्स और ट्रेवेल एजेंटस ने (साउथ एशिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सपो) के स्टाल में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के साथ अपना स्पॉट रजिस्ट्रेशन भी कराया ताकि टूरिज्म बोर्ड की नीतियों के तहत उन्हें टूरिज्म बुकिंग का लाभ मिल सके और दूसरे राज्यों के पर्यटक अधिक से अधिक संख्या में छत्तीसगढ़ के आकर्षक पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कर सकें।

## सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से 7500 नौकरियां पैदा होंगी

# शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफर से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफडी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, सौर और सीवेज पंप सहित पंपों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो अलग-अलग जरूरतों को पूरा करती है। भारतीय सोलर पंप मार्केट में एक मान्यता प्राप्त लीडर, शक्ति पंप्स एनर्जी एफिशिएंसी और स्थिरता पर जोर देते हुए दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करता है। कंपनी ने लगातार मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और लाभप्रदता का प्रदर्शन किया है। शक्ति पंप्स, सोलर पम्पस के लिए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की पीएम कुसुम योजना का एक चैनल पार्टनर भी है, जो रिन्यूएबल एनर्जी सोलुशंस के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह रणनीतिक निवेश शक्ति समूह के अंतर्गत तीन अलग-अलग कंपनियों के माध्यम से किया जाएगा, जो सभी मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित हैं। शक्ति एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेडः यह कंपनी 1200 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश के साथ वेफर से सोलर सेल के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसकी क्षमता 2 गीगा वॉट होगी। उद्यम से लगभग 4000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेडः ग्रुप इस इकाई में 250 करोड़ रुपयों का अतिरिक्त निवेश कर सोलर पंप, मोटर, वीएफडी (वैरिएबल फ्रीक्वेंसी ड्राइव), इनवर्टर, संरचनाओं और अन्य संबंधित घटकों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिस से अनुमानित 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा। शक्ति ईवी मोबिलिटी लिमिटेडः यह नया उद्यम इलेक्ट्रिक व्हीकल मोटर, कंट्रोलर और चार्जर के निर्माण में विशेषज्ञता हासिल करेगा, जिसमें करीब 2 लाख यूनिट्स प्रतिवर्ष बनाई जा सकेंगी। लगभग 250 करोड़ रुपये के निश्चित पूंजी निवेश की योजना बनाई गई है, जिससे लगभग 1000 नौकरियां पैदा होंगी। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने कहा, यह महत्वपूर्ण निवेश मध्य प्रदेश और इसके विकास पथ के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हमें राज्य की अपार संभावनाओं और इसके अनुकूल कारोबारी माहौल पर विश्वास है। यह विस्तार रिन्यूएबल एनर्जी और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्रों में हमारी स्थिति को मजबूत करने के साथ साथ, पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करके क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। शक्ति पंप्स की मध्य प्रदेश में मजबूत उपस्थिति है, जिसमें 2500 से अधिक लोग कार्यरत हैं और 04 प्लांट्स संचालित कर रहे हैं। शक्ति समूह ने पहले ही 500 करोड़ रुपये से अधिक का निश्चित पूंजी निवेश किया है। समूह ने 1200 से अधिक प्रकार के पंप, मोटर और कंट्रोलर का स्वदेशी रूप से विकास किया है, जो इनोवेशन और स्थानीय विशेषज्ञता पर इसके फोकस को दर्शाता है। भारत के अलावा, शक्ति समूह की यूएई और युएसए जैसे देशों में अपनी कंपनीज़ हैं और 100 से अधिक देशों के निर्यात से इसे अंतरराष्ट्रीय कम्पनी का दर्जा हासिल है। पिछले दिनों कम्पनी का बाजार पूंजीकरण 16,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गया था, जो कंपनी में निवेशकों का भरोसा दर्शाता है।

# रायपुर में शानदार संगीत संध्या, साउथ के प्रख्यात फनकारों के गीतों पर झूमे श्रोता

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




संगीत प्रेमियों के लिए तुझे देखकर जगवाले पर शीर्षक संगीत संध्या में दक्षिण भारत के प्रख्यात गायकों केजे येसुदास, हरिहरन और एसपी बालासुब्रमण्यम के सदाबहार गीतों ने समां बांध दिया। आरकेएम फ्रेंड्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर संगीत का आनंद लिया। रायपुर के मायाराम सुरजन हॉल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत शुक्ला और विशिष्ट अतिथि तेलुगु समाज के प्रमुख रहे। मंच संचालन की कमान लक्ष्मीनारायण लाहोटी और दिव्यांशी शर्मा ने अपने अनूठे अंदाज में संभाली। अतिथि सिंगर में बॉलीवुड रायपुर निवासी ऐश्वर्या पंडित ने अपनी सुरीली आवाज से बॉलीवुड का एहसास कराया। सुरों की महफिल में गूंजे सदाबहार गीतों की संगीत संध्या में कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। जिसमे दिलीप रचदानी ने मधुबन खुशबू देता है गीत को अपनी सुरीली आवाज में प्रस्तुत कर माहौल को भावनात्मक बना दिया। उमेश तांडी और वंदना ने कुछ मेरे दिल ने कहा गीत की बेहतरीन प्रस्तुति दी। डॉ. गौतम देवयानी ने तुमसे जुदा होकर मुझे दूर जाना है गाकर श्रोताओं को भावुक कर दिया। दिलीप नामपल्लीवार ने किशोर कुमार के स्टाइल में न केवल गाया बल्कि बच्चन साहब के अंदाज में डांस भी किया। वेणुगोपाल ने सुनयना सुनयना और इन नजारों को तुम देखो, जबकि प्रसन्ना पंड्या ने तुझे देखकर जगवाले पर टाइटल ट्रैक पेश कर समां बांध दिया। अभय गणोरकर और सितारा शेख की जोड़ी ने रामा ये क्या हुआ। प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मिनाज मज्जू माई ने आया है राजा, वहीं नंदू सोनी ने दिल के टुकड़े-टुकड़े करके गाकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रशांत शुक्ला ने भी अपने खास अंदाज में अलग-अलग गायकों की हूबहू आवाज निकालकर श्रोताओं को आश्चर्यचकित कर दिया।

# सेंट्रल जेल रायपुर के बंदियों ने प्रयागराज महाकुंभ के जल से सामूहिक रूप से किया पुण्य स्नान

## बंदियों ने आयोजन के लिए दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के सेंट्रल जेल में मंगलवार सुबह सुन्दर नजारा था, बंदियों के लिए भावपूर्ण माहौल था, वे प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से लाए जल से स्नान कर रहे थे। इसके साथ-साथ वे हर हर गंगे और हर हर महादेव के जयकारा लगा रहे थे। बंदियों ने इस आयोजन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को धन्यवाद दिया। छत्तीसगढ़ शासन एवं जेल प्रशासन की पहल पर केंद्रीय जेल रायपुर में बंदियों को प्रयागराज महाकुंभ से प्राप्त पवित्र गंगाजल से सामूहिक स्नान कराया गया। बंदियों में महाकुंभ के जल से पवित्र स्नान के बाद श्रद्धा एवं प्रसन्नता के भाव नजर आए। बंदियों ने कहा ऐसा अनुभव हुआ जैसे कि वे स्वयं महाकुंभ मेले के पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगा रहे हो। केंद्रीय जेल रायपुर में परिरुद्ध बंदी देवतादिन यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हमें आध्यात्मिक शांति एवं आध्यात्मिक शुद्धि प्राप्त हुई है। वहीं आजीवन कारावास की सजा प्राप्त बंदी रघुनाथ यादव एवं प्रेमलाल ठेठवार ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि जेल में रहकर भी हमें महाकुंभ के स्नान का पुण्य मिला। सेंट्रल जेल के इस आयोजन में गंगाजल का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। साथ ही पानी टंकी को फूलों से सजाया गया और उसके बाद गंगाजल को पानी टंकी में समाहित किया गया। इसके बाद कैदियों ने टैंक के जल को मां गंगा को याद करते हुए स्नान किया। जेल उपमहानिरीक्षक एसएस तिग्गा ने बताया कि इससे पहले इस आयोजन का उद्देश्य बंदियों को आध्यात्मिक शुद्धि का अनुभव कराना और उनकी मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार लाना है। गंगाजल को भारतीय संस्कृति में पवित्र और शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक अमित शांडिल्य सहित जेल के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजिम-कुरूद क्षेत्र में 70 करोड़ की लागत से विद्युत पारेषण तंत्र ऊर्जीकृत



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के मार्गदर्शन में राजिम-कुरूद क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा 70 करोड़ रूपए लागत से निर्मित 220 केवी उपकेंद्र राजिम, कुरूद से राजिम 220 केवी लाइन तथा कुरूद उपकेंद्र में 2 पॉवर बे को प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन राजेश कुमार शुक्ला द्वारा ऊर्जीकृत किया गया। इस कार्य से गर्मी के मौसम में किसानों तथा अन्य उपभोक्ताओं को बहुत राहत मिलेगी। राजिम में पूर्व में 132 केवी का उपकेंद्र था। जिसे परसवानी जिला महासमुंद तथा गुरूर जिला बालोद से विद्युत आपूर्ति होती थी। यह अधोसंरचना नहीं होने के कारण राजिम, अभनपुर, छुरा, गरियाबंद, कुरूद क्षेत्रों में लो-वोल्टेज जैसी समस्या थी। जिसके समाधान के लिए राजिम के 132 केवी उपकेंद्र का उन्नयन 220 केवी उपकेंद्र के रूप में करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा कुरूद से राजिम के बीच 220 केवी क्षमता की 34 कि.मी लंबी डबल सर्किट लाइन की आवश्यकता थी। जून 2024 में यह कार्य अति उच्चदाब निर्माण वृत्त एवं संभाग के अंतर्गत विभागीय तौर पर प्रारंभ किया गया। यह कार्य समय-सीमा पर पूर्ण किया जाना था ताकि गर्मी के मौसम में इस अंचल के लोगों को इसका लाभ मिल सके। उपकेंद्र का निर्माण तथा 160 एमवीए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना 30 करोड़ रूपए की लागत से, डबल सर्किट लाइन की स्थापना 30 करोड़ रूपए की लागत से तथा पॉवर बे की स्थापना 10 करोड़ रूपए की लागत से की गई। इस अवसर पर एमडी ट्रांसमिशन राजेश कुमार शुक्ला ने समय-सीमा पर विभागीय तौर पर कार्य संपादित करने के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने आशा प्रकट की कि इन कार्यों से एक लाख से अधिक क्षेत्रीय किसानों तथा अन्य उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। अंचल में लो-वोल्टेज सहित अन्य समस्याओं का हल होगा। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संजय पटेल, केएस मनोठिया, एमएस चौहान, जी. आनंद राव, अतिरिक्त मुख्य अभियंता चंद्रकला गिडवानी, आरके राठौर, अधीक्षण यंत्रीगण विश्वास अरविंद देशमुख, अशोक खण्डेलवाल, आरके तिवारी, करूणेश यादव, कार्यपालन यंत्री यूके यादव तथा इंदु ठाकुर उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर रायपुर बनेगा खारुन भव्य गंगा महाआरती का साक्षी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बुधवार संध्या 06 बजे से रायपुर के महादेव घाट में बाबा हटकेश्वर महादेव की छत्रछाया में प्रतिदिन होने वाली खारुन गंगा आरती महाशिवरात्रि के पर्व को अंलकृत करते हुए और भी भव्य रूप में संपन्न होने जा रही है। करणी सेना अध्यक्ष एवं खारुन गंगा महाआरती समिति के प्रमुख वीरेन्द्र सिंह तोमर शहर भर के शिव भक्तों के लिए महाशिवरात्रि पर लेकर आए हैं सुनहरा अवसर तो आइए अपने-अपने मनों में शिवसंकल्प करे बाबा हटकेश्वर महादेव और विश्व कीर्तिमान दर्ज खारुन गंगा महाआरती में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित कीजिए।

# एचडीएफसी लाइफ ने हर किसी के सपनों और लक्ष्यों को साकार करने के लिए लॉन्च किया क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने अपना नया उत्पाद 'एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज' लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग प्लान है, जिसे लोगों के जीवन के अलग-अलग चरणों में आने वाले महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आमतौर पर जब लोग अपने बढ़ते सपनों और जरूरतों के लिए बचत करते हैं, तो वे जल्दी पैसे निकालने की सुविधा, लचीलेपन और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। यह प्लान इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किया गया है। इस प्लान में अगर पॉलिसीधारक का दुर्भाग्यवश निधन हो जाता है, तो आगे प्रीमियम भरने की जरूरत नहीं होती है। इसके तहत तुरंत एकमुश्त राशि दी जाती है और पॉलिसी के बाकी फायदे नामांकित व्यक्ति या परिवार को मिलते रहते हैं। इसके अलावा, ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से डेथ बेनेफिट का विकल्प भी चुन सकते हैं, जिसमें 5 गुना, 7 गुना या 11 गुना तक का कवर शामिल है। साथ ही, वे अपने कैश बोनस को पेड-अप एडिशन में बदलकर पॉलिसी की अवधि के दौरान कभी भी निकाल सकते हैं। ग्राहक अपनी भविष्य की जरूरतों के अनुसार इन विकल्पों का कोई भी संयोजन चुन सकते हैं। इस प्लान में जीवन बीमा सुरक्षा के साथ-साथ अतिरिक्त लाभ भी मिलते हैं। इसमें अतिरिक्त लाइफ कवरेज का विकल्प मौजूद है, जिसके तहत जीवनसाथी को भी कवर किया जा सकता है। इसके अलावा, मौजूदा टैक्स नियमों के अनुसार, इस पर कर लाभ भी उपलब्ध हैं। हर कामकाजी व्यक्ति, जिस पर परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी है, उसके लिए जीवन बीमा बहुत जरूरी है। एचडीएफसी लाइफ हमेशा ग्राहकों की जरूरतों के हिसाब से नए और उपयोगी बीमा उत्पाद लाने में अग्रणी रहा है।

# युवा समाज सेवी बसंत अग्रवाल ने बागेश्वर धाम में किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बागेश्वर धाम में एक ऐतिहासिक और पावन अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री बागेश्वर धाम कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च इंस्टिट्यूट का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह संस्थान देशभर के कैंसर रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगा और जनसेवा के नए आयाम स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत के दौरान समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने विशेष रूप से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर हेमेंद्र साहू, आजाद गुर्जर, आशीष सोनी, जिवेश अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस भव्य कार्यक्रम में स्वामी रामभद्राचार्य, साध्वी ऋतंभरा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, सांसद वी.डी. शर्मा, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कई मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की अगुवाई में इस परियोजना का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क एवं सुलभ उपचार उपलब्ध कराना है। यह संस्थान बुंदेलखंड सहित पूरे देश के लिए वरदान साबित होगा और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में मदद करेगा। इस शुभ अवसर पर हजारों श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक श्री बागेश्वर धाम में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्थान जनसेवा की नई ऊंचाइयों को छुएगा और देश के कोने-कोने से आए कैंसर मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। श्री बागेश्वर धाम द्वारा की गई यह पहल स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना न केवल कैंसर मरीजों के लिए आशा की किरण बनेगी बल्कि भारत को एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जिला पंचायत के निर्वाचित होने वाले सात सदस्यों को दिया प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिला पंचायत के सात जिला पंचायत सदस्यों को चनाव जीतने का प्रमाण पत्र जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने दिया इस के पूर्व जिला पंचायत सदस्यों को मिलें वोट का सरलीकरण किया इसके बाद जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से 14 के निर्वाचित होने वाले सदस्यों को क्रमशः अभ्यर्थी को मिलें वोट की जानकारी देते हुए विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया गया इस संबंध में जानकारी के अनुसार जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 उमरावनगर से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में देवी परमेश्वर वर्मा को 18967 वोट, इन्द्राणी साहू को 2354 मत पार्वती जागेन्द्र पटेल14665 वोट मिले इस तरह यहां क्षेत्र से देवी परमेश्वर वर्मा विजयी हुए। यहां कुल विधिमान्य मतों की संख्या 35986 है। अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1293 है डाले गये मतों की कुल संख्या 37279 वोट है जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 खैरझिटीकला से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में प्रीती गोवेन्द्र पटेल को 16933 वोट, सविता महेन्द्र साहू को 14461 वोट सुशीला बेदराम वर्मा को 3352 वोट, कामिनी मनोहर साहु को 1546 वोट मिले यहां प्रिती गौविद पटेल निर्वाचित घोषित किया गया यहां कुल विधिमान्य मतों की संख्या 36292, अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1473 है। डाले गये मतों की कुल संख्या 37765 है। इस तरह से इस क्षेत्र से प्रिती गौविद पटेल निर्वाचित हुए। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 मोहतरा से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में अभ्यर्थी अनिल वर्मा को 13118 वोट, हीरालाल साहू को 11949 वोट तथा नोहर राम को 1180 वोट प्रदीप कुमार ठाकुर को 1500 संतोष वर्मा को 7921 मत मिले यहां से अनिल वर्मा निर्वाचित घोषित किया गया। यहां कुल कुल विधिमान्य मतों की संख्या 35668 है। अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1684 है जबकि डाले गये मतों की कुल संख्या37352 है। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 सुरुजपुरा से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में दशोदिया बिसन साहू को 10884 वोट दुर्गेश्वरी रानी को 529 मत खुशबु गोविंद वर्मा 13487 वोट ममता दिनेश वर्मा को 6264 वोट प्रभा गंगाराम साहू को 1181 वोट सहोद्रा गुलशन साहू को 1972 मिला इस तरह यहां से खुशबू गोविंद वर्मा निर्वाचित घोषित किया गया। यहां विधिमान्य मतों की संख्या 34277 है अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1742 तथा डाले गये मतों की कुल संख्या 36019 है। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 भाठासोरही से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में अभ्यर्थी के पक्ष में दिए गए विधिमान्य मतों की संख्या इस प्रकार है अंजनी कुमार चंदेल को 19865वोट मिला चुम्मन लाल साहू ने2720 मत प्राप्त किए दरबारी साहू ने 906 वोट नर्मदा पार्वती साहू ने 2539 वोट रोहित सिन्हा ने887 वोट योगिता साहू ने 6895 वोट प्राप्त किए यहां से अंजनी कुमार चंदेल विजयी घोषित किए गए। यहां विधिमान्य मतों की संख्या 33812 अविधिमान्य मतों की कुल संख्या1495 डाले गये मतों की कुल संख्या 35307 था। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 सुरहोली से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में अभ्यर्थी भोला शंकर वर्मा को 12792 मत जयनारायण साहू को 2288 वोट राहुल योगराज टिकरिहा को 14419 वोट तोरन नायक को 2077 मत मिले यहां से राहुल योगीराज टिकरिहा विजयी घोषित किया गया यहां कुल विधिमान्य मतों की संख्या 31576 है। अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1187 तथा डाले गये मतों की कुल संख्या 32763 है। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 बेरलाकला से जिला पंचायत के सदस्य का निर्वाचन में अभ्यर्थियों को मिलने वाले वोट का विवरण इस प्रकार है कल्पना योगेश तिवारी को 21831 वोट नेतराम निषाद को 3537 मत निलेश साहू को 2475 मत पूजा टिकरिहा को 2895 वोट पुरुषोत्तम यादव को 1840 मत मिले इस क्षेत्र से कल्पना योगेश तिवारी निर्वाचित घोषित किए गए यहां पर विधिमान्य मतों की संख्या 32578 अविधिमान्य मतों की कुल संख्या 1179 डाले गये मतों की कुल संख्या 33757 है।

# नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने नवनिर्वाचित पार्षदों का किया आभार व्यक्त



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आनंद नगर उद्यान में नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे, वार्ड नंबर 33 के नवनिर्वाचित पार्षद प्रदीप वर्मा तथा मदर टेरेसा वार्ड के नवनिर्वाचित पार्षद संतोष साहू का स्वागत, सम्मान एवं वार्ड के पूर्व पार्षद कामरान अंसारी, भूतपूर्व पार्षद अजीत कुकरेजा, सीमा संतोष साहू का आभार यूथ विंग आनंद नगर के सदस्यों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा किया गया। वार्ड के सभी तीन पूर्व पार्षदों ने बताया की यह एक बड़ा सुखद संयोग है की हम तीनों पार्षदों ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुवात इसी वार्ड के पार्षद के तौर पर किया था। नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने सभी मतदाताओं को उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने हेतु आभार देते हुए कहा की वार्ड के विकास के लिए उनका सहयोग सदैव रहेगा और रायपुर के विकास के लिए ट्रिपल इंजन सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कार्यक्रम में कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों में सुशील कुमार दूबे (पूर्व अध्यक्ष आनंद नगर सोसाइटी), गुरपाल शर्मा, आलोक तिवारी, विजय सूद, असद सिद्धकी, विजय रज्जानी, विकास श्रीवास्तव, प्रभात गुप्ता, संजय तिवारी, देवाशीष दासगुप्ता, शेखर महतो, किरण गुप्ता, कंवलजीत खुराना, एवं कॉलोनी के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मंच संचालन सीए मदन मोहन उपाध्याय द्वारा एवं धन्यवाद ज्ञापन दीपन्निता बोस द्वारा किया गया।

# शिव महापुराण में कथा वाचक हलधर नाथ योगी ने भगवान शिव से जुड़े विषयों पर प्रकाश डाला




पायनियर संवाददाता ◄ कुरूद
www.dailypioneer.com

शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन, भगवान शिव से जुड़े कई विषयों पर प्रकाष डाला कथा वाचक हलधर नाथ योगी ने शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन की कथा सुनाते हुए कहा कि जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो, वह भाग्यशाली है। भगवान के बारे में जानने की जिज्ञासा रखने वाला व्यक्ति भाग्यवान है। कलयुग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है। जो व्यक्ति भक्ति को धारण करता है, वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है। जीवन में तीन ताप परेशान करें, तो भगवान के निकट पहुंच जाएं, जिससे हमें तीनों ताप से छुटकारा मिलता है। शिवपुराण हमारे जीवन में शामिल न हो जाए, तब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे भगवान शंकर जी मंगल राशि है, उनका नाम और ध्यान भी मंगलमय है। शिव जैसा समान दृष्टा कौन होगा, महादेव दैत्य एवं देवों के लिए सदा कृपावंत रहते हैं 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्री पर्व पर सभी भक्तो को पुरे परिवार के साथ भगवान भोलेनथ की पुजा उपासना करनी चाहिए क्योकि देवो के देव सभी प्रकार से कल्याण कारी है कथा सुनने बड़ी संख्यामे शिव भक्त श्रोता गण कथा स्थल पहुंचकर तथा रस स्वादन कर रहे हैं। महाशिवरात्रि पर्व होने से शिव महापुराण कथा का महत्व बढ़ गया है भक्तों की अधिक संख्या तो ध्यान में रखते हुए विशेष व्यवस्था दी गई।

# एक्शन में नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा

## शौचालय में अतिरिक्त शुल्क लेने की बात पर ठेकेदार को जमकर लगायी लताड़




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नव निर्वाचित महापौर रामू रोहरा अपने शपथ ग्रहण के पहले ही एक्शन में नजर आ रहे हैं। जिस प्रकार रामू रोहरा ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि निगम में भाजपा की सरकार बनते ही आने वाले पांच सालों में सिर्फ और सिर्फ विकास होगा, वे अपनी इन बातों को अमलीजामा पहनाने में लग चुके हैं। रोहरा बीते रात के समय पावर हाऊस से नया बस स्टैण्ड तक पैदल सर्वे किया। इस दौरान उनके साथ निगम उपायुक्त पीसी सार्वा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे। रोहरा ने सर्वप्रथम स्ट्रीट लाईट के बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। साथ ही आवश्यक कदम उठाते हुए सफाई की व्यवस्था और भी बेहतर करने आवश्यक सुझाव दिए। रोहरा ने बस स्टैण्ड में बने शौचालय का निरीक्षण किया जहां उन्हें पता चला कि ठेकेदार व्दारा अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। इस पर रोहरा ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई। रोहरा ने वहां उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को स्पष्ट कहा जो निगम में होता आ रहा है, वह अब नहीं चलेगा। यहां सभी काम नियम व प्रक्रिया से होंगे। उन्होंने कहा कि धमतरी की जनता ने भरोसे के साथ निगम पहुंचाया है कि धमतरी का विकास होगा और इस धमतरी के विकास को कोई अवरूध्द करने का प्रयास करता है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोहरा के इस तरह रात में निरीक्षण को लेकर शहर के लोगों में चर्चा व्याप्त है कि अब धमतरी के विकास को अब कोई नहीं रोक सकता। रामू रोहरा के धमतरी के विकास की इच्छाशक्ति ही अब धमतरी को स्मार्ट सिटी में तब्दील करेगी।

# श्री शिवरीनारायण भगवान की दर्शन करने प्रति दिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं मंदिर

## मंदिर परिसर में लगे झांकी लोगों के लिए बना है आकर्षण का केन्द

पायनियर संवाददाता ∢ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मूल स्थान, माता शबरी की जन्मभूमि, मंदिरो की नगरी पावन शिवरीनारायण धाम में माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक चलने वाला पंद्रह दिवसीय माघी मेला में श्रद्धालुओ और पर्यटकों की भीड़ बढ़ते जा रही है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में श्री शिवरीनारायण भगवान जी के दर्शन, पूजन के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं सुबह 7बजे से शाम 8बजे तक मंदिर में दर्शन हो रहा है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री शिवरीनारायण भगवान जी का लगभग एक लाख श्रद्धालुओ ने दर्शन पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। माघ पूर्णिमा के बाद भी मंदिर पहुंच कर रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। पं. हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि इस वर्ष मंदिर में श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है सभी श्रद्धालु मंदिर के गर्भ गृह में जाकर भगवान श्री का दर्शन कर रहे हैं सभी





श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है सुबह 7बजे से रात्रि 8बजे तक श्रद्धालु भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन लाभ ले रहे हैं। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के गर्भ गृह के साथ ही पूरे मंदिर परिसर को विविध फूलो से आकर्षक सजावट किया गया है।रोजाना भगवान श्री का नवीन वस्त्रों से श्रृंगार कर महाआरती किया जा रहा है। श्री शिवरीनारायण भगवान जी को पुड़ी, हलवा और मौसमी फलों का भोग लगाया जा रहा है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के साथ ही माता शबरी जी के मंदिर में भी श्रद्धालुओ की दर्शन के लिए बहुत भीड़ लगी रहती है श्रद्धालु लाइन में लगकर माता शबरी जी के दर्शन पूजन कर रहे हैं। आकर्षण का केंद्र बनी झांकियां/श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण जी विभिन्न लीलाओं की जीवंत झांकी भगवान शंकर जी माता पार्वती जी की मनभावन झांकी माता शबरी के जूठे बेर खाते भगवान श्री रामचंद्र जी प्रेम वात्सल्य से भरे झाकियां श्रद्धालुओ को बरबस ही अपनी और आकर्षित कर रहे हैं भगवान के विविध बने हुए झांकियो के दर्शन भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में कर रहे हैं। महाआरती प्रतिदिन श्री शिवरीनारायण भगवान जी की नवीन वस्त्रों से मनमोहक श्रृंगार कर सोने चांदी से बने हुए आभूषण धारण कराकर सुबह और रात्रि को भगवान श्री शिवरीनारायण जी की महाआरती किया जा रहा है महाआरती मे भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित होकर आरती दर्शन का पुण्य लाभ ले रहे हैं।श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर मे दर्शन को आए हुए श्रद्धालुओ को सुगमता पूर्वक दर्शन कराने के लिए श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पं.हरीश तिवारी भोगहा, हर्षवर्धन तिवारी, शशांक तिवारी, अंकित तिवारी, अभिनव तिवारी, अमित तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, आनंद केशरवानी, बलराज शुक्ला के साथ ही मंदिर प्रबंधन और मठ मंदिर से जुड़े हुए लोग तत्परतापूर्वक जुटे हुए हैं। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के साथ ही माता शबरी जी का मंदिर, भगवान श्री चंद्रचूर्ण महादेव जी, माता दुर्गाजी, दशावतार मंदिर, सिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान जी का मंदिर, चिंताहरण महादेव, श्री रामचरण पादुका के साथ ही श्री जगन्नाथ मठ मंदिर, श्री राम मंदिर के साथ ही नगर के सभी मंदिरो मे श्रद्धालुओं की दर्शन के लिए काफी भीड़ है। प्रतिदिन मठ मंदिर में श्रद्धालुओ के लिए भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था किया गया है जिसमे श्रद्धालु भगवान श्री शिवरीनारायण जी का भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

# करतारेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर मनेन्द्रगढ़ स्थित ग्राम डंगौरा में श्री करतारेश्वर शिव मंदिर में लगातार 20वें वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा इस धार्मिक स्थान पर एक महत्वपूर्ण परंपरा बन चुका है, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद प्राप्त करने के लिए एकत्र होते हैं।

**मंदिर का इतिहास और धार्मिक महत्व:** श्री करतारेश्वर शिव मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए सरदार जसवीर सिंह कालरा ने बताया कि इस मंदिर में साक्षात नागराज विद्यमान हैं। उनके स्वर्गीय पिता सरदार करतार सिंह ने इसी स्थान पर नागराज के दर्शन किए थे, जिसके बाद मंदिर का निर्माण बड़े रूप में कराया गया। यह मंदिर धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, और यहाँ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के दिन बड़े श्रद्धा भाव से की जाती है।



**भंडारे का आयोजन और श्रद्धालुओं का आमंत्रण:** भंडारे के आयोजन के बारे में सरदार जसवीर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा के पश्चात हर साल यह विशाल भंडारा आयोजित किया जाता है। यह भंडारा न केवल श्रद्धालुओं के लिए एक पुण्य का अवसर है, बल्कि यह क्षेत्र में एकजुटता और सामूहिक धार्मिक भावनाओं को भी प्रगाढ़ करता है। उन्होंने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस धार्मिक अवसर पर मंदिर में पहुंचें और भंडारे में शामिल होकर प्रसाद का आनंद लें। यह आयोजन न केवल धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि क्षेत्रवासियों को एकजुट करने और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का एक अवसर भी प्रदान करता है।

**समाज की एकता और सहयोग का प्रतीक:** यह आयोजन हर वर्ष समाज की एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। भंडारे में शामिल होकर लोग न केवल भगवान के दर्शन करते हैं, बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर इस धार्मिक उत्सव का हिस्सा बनते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में धार्मिक माहौल और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ती है, जो समाज के लिए एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ती है। इस साल भी यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक पवित्र अवसर होगा, और उम्मीद की जा रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस भंडारे में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

# प्रशासन की खास पहल : जेल में ही गंगा स्नान की व्यवस्था की

## प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था ने एक अनूठी पहल की, बंदियों को भी आस्था के साथ अपने धार्मिक कर्तव्यों को निभाने का एक अद्भुत मौका

पायनियर संवाददाता ∢ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

प्रयागराज में हर साल की तरह इस बार भी माघ मेला में करोड़ो श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे हैं, जहाँ हर साल लोग पुण्य की प्राप्ति के लिए गंगा नदी में स्नान करते हैं। इस बार भी श्रद्धालुओं का रेला गंगा तट पर लगा हुआ है, और सभी श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर, कुछ ऐसे लोग भी थे जो किन्हीं कारणों से प्रयागराज में गंगा स्नान करने के लिए नहीं जा पा रहे थे। इनमें से कुछ लोग कामकाजी कारणों से, कुछ लोग स्वास्थ्य कारणों से, और कुछ ऐसे लोग भी थे जिन्हें अन्य व्यक्तिगत समस्याओं के कारण प्रयागराज पहुंचने का अवसर नहीं मिल पाया। ऐसे में, प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था ने एक अनूठी पहल की है।







**जेल में गंगा स्नान की विशेष व्यवस्था:** जिन बंदियों को अपनी सजायें काटने के लिए जेल में रहना पड़ रहा था और वे पुण्य की इस घड़ी में गंगा स्नान करने से वंचित रह गए थे, उनके लिए भी प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। जेल में ही गंगा स्नान की व्यवस्था की गई। इसके तहत, जेल अधिकारियों ने गंगा नदी के पवित्र जल को जेल परिसर में लाकर बंदियों को स्नान का अवसर प्रदान किया। यह पहल इस उद्देश्य से की गई थी कि कोई भी श्रद्धालु या आस्थावान व्यक्ति इस अवसर से वंचित न रहे, चाहे वह किसी भी परिस्थितियों में क्यों न हो। इस व्यवस्था से बंदियों को भी आस्था के साथ अपने धार्मिक कर्तव्यों को निभाने का एक अद्भुत मौका मिला। प्रयागराज में गंगा स्नान के लिए जुटे श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बनता है। वहीं, जेलों में भी प्रशासन ने एक खास पहल करते हुए बंदियों को इस अवसर का हिस्सा बनाने के लिए गंगा स्नान की व्यवस्था की है। इस कदम से यह साबित होता है कि धार्मिक और सांस्कृतिक अवसरों को सब तक पहुंचाने की प्रशासन की पूरी कोशिश है।

# जिला जेल जांजगीर में कैदियों ने गंगाजल से किया स्नान आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक उत्थान की अनूठी पहल



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने जेलों में बंद कैदियों के नैतिक उत्थान और आध्यात्मिक शुद्धि के उद्देश्य से अनूठी पहल की है। जिला जेल जांजगीर खोखरा में आज सवेरे प्रयागराज महाकुंभ से मंगाये गये पवित्र गंगा जल से कैदियों का सामूहिक स्नान करवाया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर जेल में बंद कैदियों ने आध्यात्मिक स्नान किया। जिला जेल में प्रयागराज से मंगवाए गए गंगाजल को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद जल टैंक में डाला गया। इस दौरान सभी कैदियों ने "जय गंगा मैया'' एवं ''हर-हर गंगे" के जयघोष के साथ पवित्र स्नान किया।






समस्त नगर वासियों को
महाशिवरात्रि पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं...
नवनीत शुक्ला
जिला संवाददाता
आदेश एडवर्डटाईजिंग परिवार, मुंगेली




मुंगेली नगर पालिका में कांग्रेस के
नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदो को
ऐतिहासिक जीत
की
बधाई एवं शुभकामनाएं
नवनीत शुक्ला
मिडिया प्रभारी - शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली
रोहित शुक्ला
अध्यक्ष - नगर पालिका परि. मुंगेली
अरविंद वैष्णव
महामाई वार्ड क्र. 04
प्रतिमा रवि कोशले
राजेन्द्र वार्ड क्र. 07
सूरज यादव
शिवाजी वार्ड क्र. 08
विनय चोपड़ा
गांधी वार्ड क्र. 09
आयशा मकबूल खान
जवाहर वार्ड क्र. 11
संजय चंदेल
ठक्कर बापा वार्ड क्र. 12
रामकिशोर देवांगन
मो. बशीर खॉं वार्ड क्र. 15
अजय साहू
कबीर वार्ड क्र. 16
कुलदीप पाटले
महाराणा प्रताप वार्ड क्र. 20
दिलीप सोनी
विनोबा भावे वार्ड क्र. 21
गौरी श्रवण सोनकर
पं. दीनदयाल उपा. वार्ड क्र. 22
विनीत - नवनीत शुक्ला मिडिया प्रभारी - शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली

































संकलनकर्ता: अश्वनी केशरवानी, संवाददाता - शिवरीनारायण, मो.: 79991-61955

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403